हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# सत्संग में भगदड़, केस दर्ज साजिश या हादसा, होगी जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/हाथरस

सत्संग भगदड़ हादसे के बाद हाथरस में हर जगह मातम का माहौल है। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 121 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। जिसने भी इस हादसे के बारे में सुना, उसकी आंखें भर आई। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां धार्मिक समागम स्थल पर पहुंचे और घटना में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना में साजिश की आशंका जाहिर करते हुए इसकी न्यायिक जांच कराने का बुधवार को ऐलान किया। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बृजेश कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष होंगे। उन्होंने घटना में साजिश की तरफ इशारा करते हुए कहा, यह हादसा था या कोई साजिश और अगर साजिश थी तो इसमें किसका हाथ है।

### किसी की पसली टूटी तो किसी का दम घुटा

हादसे में जान गंवाने वाले 102 मृतकों के शवों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में अधिकतर मौतों का कारण पसली टूटना, फेफड़े फट जाने व भगदड़ में दम घुटना आया है। पीएम रिपोर्ट में चोट लगना इस बात को दर्शाता है कि सत्संग स्थल पर भगदड़ में कैसे लोग एक-दूसरे को रौंदते हुए चलते गए।

### पत्नी ने फोन कर कहा- पिलुआ थाने आ जाओ, छोटा खत्म हो गया...

सत्येंद्र यादव 'सत्संग' के बाद अपने वाहन की ओर जा रहे थे, तभी उनकी पत्नी ने फोन करके कहा कि उनके तीन वर्षीय बेटे 'छोटा' की कुछ देर पहले मची भगदड़ में मौत हो गई है। यादव ने बताया, जैसे ही हम अपने वाहन के पास पहुंचे, मुझे मेरी पत्नी का फोन आया...उसने कहा, पिलुआ थाने आ जाओ, छोटा खत्म (मौत) हो गया है। यादव के तीन वर्षीय बेटे रोविन को उसका परिवार प्यार से छोटा बुलाता था। यादव दिल्ली से अपनी मां और दो भाभियों सहित परिवार के साथ सत्संग में पहुंचे थे।

## हाथरस भगदड़ में अपने बच्चों को खोकर सदमे में कई परिवार

# दो बच्चों के पिता का छलका दर्द...कहा- जिसने हंसी देने की बात कही, उसने रुलाकर भेजा



### मुख्य सेवादार समेत अन्य पर केस

पुलिस ने 'मुख्य सेवादार' और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 110, 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा), 238 (साक्ष्यों को मिटाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

सत्संग में मची भगदड़ से शाहजहांपुर के कई परिवारों की खुशियां कुचल गईं। कांट के गांव भमौली निवासी आनंद बिहारी के नौ साल के पुत्र आयुष व तीन साल की बेटी काव्या की मौत हो गई। उनकी मौत की खबर सुनकर गांव में बाबा रामविलास व दादी सावित्री बिलख पड़ीं। आनंद जयपुर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। घटना की खबर मिलते ही वह रात में ही अपने घर आ गए। मासूम बच्चों की मौत के बाद से उनके आंसू नहीं थम रहे। मां दुर्गेश बच्चों के शवों को सीने से लगाकर रो-रोकर बेसुध हो गई। आनंद ने कहा कि इतना बड़ा नुकसान हो जाएगा, इसका अंदाजा नहीं था। गांव भमौली निवासी आनंद बिहारी भोले बाबा के अनुयायी हैं। हाथरस में सत्संग की सूचना पर आनंद की पत्नी दुर्गेश, बहन रामा व सीमा व बेटे आरुष, आयुष और काव्या के साथ ▶▶| शेष पेज 4 पर



### बाबा ने खुद को बताया बेकसूर

खुद को भोला बाबा बताने वाले सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि का बयान भी आया। खुद को निर्दोष बताते हुए भोला बाबा ने कहा वो तो पहले ही निकल गया था और भगदड़ आसामाजिक तत्वों की वजह से हुई है। ये बाबा खुलकर सामने नहीं आया है। बस बयान जारी किया है। धार्मिक उपदेशक भोले बाबा ने दो दशक पहले पुलिस की नौकरी छोड़ दी थी। उसके कई आश्रम हैं। इनमें सबसे बड़ा आश्रम मैनपुरी में है जिसके बाहर बुधवार को पुलिस ने घेरा डाल दिया।




## राज्यसभा में पीएम मोदी के जवाब के बीच में ही विपक्ष ने किया बहिर्गमन

# मोदी बोले- नीट पेपर लीक के दोषियों को 'सख्त से सख्त' सजा दिलाने उठाए जा रहे कदम

*प्रधानमंत्री मोदी ने उच्च सदन में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए नीट यूजी को लेकर बड़ी बात कही। पीएम मोदी ने नीट-यूजी सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में विपक्ष पर कोई सकारात्मक सुझाव देने के बजाय केवल राजनीति करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में देश के युवाओं को आश्वासन दिया कि ऐसे मामलों में दोषियों को 'सख्त से सख्त' सजा दिलवाने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं। इस बीच, विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते कहा कि उनकी अपेक्षा थी कि चर्चा के दौरान विपक्षी दलों के सदस्य दलीय अपेक्षाओं से ऊपर उठकर पेपर लीक के विषय पर अपनी राय रखते। उन्होंने कहा, लेकिन दुर्भाग्य से इतना संवेदनशील मुद्दा, मेरे देश के नौजवानों के भाग्य से जुड़ा मुद्दा भी, इन्होंने (विपक्षी सदस्यों ने) राजनीति की भेंट चढ़ा दिया। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है। मोदी ने देश के युवाओं को यह आश्वासन दिया कि उन्हें धोखा देने वालों को सरकार नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा, मेरे देश के नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को सख्त से सख्त सजा मिले, इसके लिए एक के बाद एक कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन गड़बड़ियों के खिलाफ संसद में एक कानून भी सरकार ने बनाया है। प्रधानमंत्री ने ▶▶| शेष पेज 4 पर

### मोदी का मेन फोकस कांग्रेस पर रहा

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूरी स्पीच के दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को ही टार्गेट पर रखा। जबकि कल से ही उन पर टार्गेट करने वालों में तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेता भी शामिल थे, पर पीएम मोदी का फोकस कहीं और नहीं था। उन्होंने नेहरू, इंदिरा गांधी यहां तक राजीव गांधी की भी चर्चा की. मोदी की कोशिश यह साबित करने पर रही कि कांग्रेस अपने सहयोगी दलों के लिए परजीवी की तरह है।





### संविधान की रक्षा को मुद्दा बनाने पर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 के आम चुनाव में संविधान की रक्षा को मुद्दा बनाने के लिए बुधवार को कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि भारतीयों ने केवल एक ही बार इस मुद्दे पर मतदान किया जब उन्होंने आपातकाल के बाद 1977 में इंदिरा गांधी की सरकार को उखाड़ फेंका था। उन्होंने कहा कि हालिया लोकसभा चुनाव भी अगर संविधान की रक्षा का ही चुनाव था तो देशवासियों ने भाजपा को इसके योग्य पाया। मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर लोकसभा चुनाव में संविधान की रक्षा का 'फर्जी विमर्श' गढ़ने का आरोप लगाया।

**इधर, कांग्रेस ने साधा निशाना**

### झूठ बोलना उनकी आदत बन गई

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए गलतबयानी की जिसके विरोध में विपक्ष को सदन से वाकआउट करना पड़ा। उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि झूठ बोलना और लोगों को भ्रमित करना प्रधानमंत्री मोदी की आदत बन गई है। खड़गे ने जब संवाददाताओं को संबोधित किया तो उनके साथ कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और 'इंडिया' गठबंधन के कई घटक दलों के नेता भी थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया, "हम सबने इसलिए वाकआउट किया क्योंकि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा पर जवाब देते हुए कुछ गलत बातें सदन में रखीं।

**वारदात सीसीटीवी में कैद**

# दिनदहाड़े नकाबपोशों ने उड़ाए 30 लाख के जेवर






हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

शहर के चक्रधरनगर चौक के पास बाइक सवार दो नकाबपोश करीब 30 लाख रुपए से अधिक सोने-चांदी के जेवरात लूटकर सरेआम चंपत हो गए। हालांकि, बदमाशों का हुलिया सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है लेकिन रात हो जाने की वजह से लुटेरों को दबोचने की पुलिस की अब तक की सारी कोशिशें नाकाफी साबित हुई हैं। बीते 2 जुलाई मंगलवार को रात करीब 9:15 बजे चक्रधरनगर चौक में रोज की तरह श्री ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पहले की गई थी रेकी

संचालक नटवर अग्रवाल ने बताया कि इससे पहले भी उनके प्रतिष्ठान की रेकी की गई थी और उन्होंने पुलिस को शहर के मालीडीपा निवासी एक संदिग्ध की जानकारी के साथ शिकायत भी की थी लेकिन पुलिस की ढिलाई से संदिग्ध भूमिगत हो गया। शोरुम संचालक ने इस वारदात में भी उन्हीं संदिग्धों की संलिप्तता का अंदेशा व्यक्त किया है।

**खोजबीन जारी**

*उठाईगिरों की धरपकड़ के लिए शहर में नाकेबंदी कर पुलिस की चार टीम गठित कर सर्च आपरेशन शुरू किया गया है। संदिग्धों से पूछताछ जारी है। सीसीटीवी फुटेज भी तलाशे जा रहे हैं आरोपी जल्द गिरफ्तार होंगे।*

***डा. दिव्यांग पटेल,** एसपी, रायगढ़*

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ मंदिर के लिए 5,700 श्रद्धालु रवाना

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 5,700 से अधिक तीर्थयात्रियों का नया जत्था बुधवार को जम्मू से रवाना हुआ। मंगलवार शाम तक 74,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन किए।



### सेना प्रमुख ने एलओपी पर की तैयारियों की समीक्षा

**पुंछ/जम्मू।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति और नियंत्रण रेखा पर सैनिकों की अभियानगत तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जनरल द्विवेदी जम्मू पहुंचे और सीमावर्ती जिले पुंछ के लिए रवाना हो गए।



### सीयूईटी-यूजी के रिजल्ट जल्द घोषित होंगे

**नई दिल्ली।** यूजीसी के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने बुधवार को कहा कि संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक के परिणाम घोषित करने की तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा। स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा सीयूईटी-यूजी के परिणाम 30 जून तक घोषित किए जाने थे।



**एसडीआरएफ की टीम ने निकाला**

# फोटोग्राफी पड़ी महंगी, चित्रकोट वाटरफाल में 5 घंटे फंसे रहे 3 युवक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मंगलवार शाम चित्रकोट वाटरफाल के तेज बहाव में बहे तीन युवकों को देर रात रेस्क्यू कर एसडीआरएफ की टीम द्वारा सुरक्षित बाहर निकाला गया। चित्रकोट वाटरफाल के नीचे मिनी गोवा में एक युवक पत्थर पर खड़ा ▶▶| शेष पेज 4 पर

### रात एक बजे मिली सफलता

मोटरबोट की मदद से तीनों युवकों को रात लगभग एक बजे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सेनानी संतोष कुमार ने बताया कि जगदलपुर निवासी नितीश कुमार कुर्रे (22) वाटरफाल के नीचे मिनी गोवा नामक स्थान पर पत्थर पर खड़े होकर वीडियो बना रहा था, ▶▶| शेष पेज 4 पर

**शवों की आज तक नहीं हो पाई थी पहचान**

# 8 मृतकों का दो साल बाद अंतिम संस्कार, 'सक्षम' ने किया पिंडदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोरोना काल के दौरान बस्तर जिले में 8 लोगों की असामयिक मृत्यु के बाद उनकी पहचान न होने के कारण उनकी अस्थियों का विसर्जन नहीं हो पाया था। इन अस्थियों को प्रवीर वार्ड स्थित मुक्तिधाम में सुरक्षित रखा गया था। बुधवार को सक्षम प्रमुख अविनाश गौतम ने पूरे विधि-विधान से पंडित के मंत्रोच्चार के बीच पिंडदान किया। अस्थि विसर्जन आंध्रप्रदेश के भद्राचलम स्थित गोदावरी नदी में किया जाएगा। जिला प्रशासन के सहयोग से सामाजिक संस्था ▶▶| शेष पेज 4 पर




### अस्थियां पुष्प वर्षा के साथ रवाना

इस कार्य में सहभागी बनने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव भी उपस्थित रहे। अस्थियों को सम्मानपूर्वक पुष्प वर्षा के साथ भद्राचलम रवाना किया गया। किरण देव ने उन सभी मृत आत्माओं की शांति एवं मोक्ष प्राप्ति की प्रार्थना की। इस दौरान कलेक्टर विजय दयाराम के., संजय पांडे, अनिल लुक्कड़, सुनील नत्थानी, चालीसगांवकर, एलेकजेन्डर चेरियन व अन्य लोग उपस्थित थे।







# टी20 रैंकिंग : पंड्या शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय

एजेंसी ▶▶| दुबई

हार्दिक पंड्या बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। हाल में संपन्न टी20 विश्व कप में खिताब जीतने के बाद भारत के क्रिकेटरों की रैंकिंग में सुधार हुआ है। टी20 विश्व कप के फाइनल में 29 जुलाई को अर्धशतक जड़ने वाले हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर को आउट करके दक्षिण ▶▶| शेष पेज 4 पर

- विश्व कप में खिताब जीतने के बाद भारत के क्रिकेटरों की रैंकिंग में सुधार





**शीर्ष पांच आलराउंडर**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | हार्दिक पंड्या | भारत | 222 |
| 2 | वानिंदु हसरंगा | श्रीलंका | 222 |
| 3 | मार्कस स्टोइनिस | ऑस्ट्रेलिया | 211 |
| 4 | सिकंदर रजा | जिम्बाब्वे | 210 |
| 5 | शाकिब अल हसन | बांग्लादेश | 206 |

### आज घर पहुंचेगी टी20 विश्व चैंपियन भारतीय टीम

**ब्रिजटाउन।** टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम श्रेणी चार के तूफान के कारण तीन दिन यहां फंसे रहने के बाद अंततः गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह लगभग छह बजकर 20 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगी। भारतीय टीम बुधवार को ग्रांटली एडम्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से विशेष विमान के जरिए दिल्ली के लिए रवाना हो गई।

# महंगे हो गए निजी कंपनियों के प्लान, जानिए बीएसएनएल के कुछ किफायती प्लान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सभी निजी टेलीकॉम कंपनियों के प्लान 3 जुलाई से महंगे हो गए हैं। जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के प्लान में करीब 600 रुपए तक की बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में सभी लोगों को भारतीय संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की याद आ रही है, हालांकि बीएसएनएल के पास 5जी सर्विस नहीं है। यहां तक कि 4जी सर्विस भी नहीं है। जिस दिन टेलीकॉम कंपनियों के प्लान महंगे हुए थे उस दिन सोशल मीडिया पर बीएसएनएल ट्रेंड कर रहा था। लोगों का कहना था कि सरकार की अनदेखी की वजह से बीएसएनएल की यह हालत हुई है। आइए आपको बीएसएनएल के कुछ प्लान के बारे में बताते हैं जो बेहद ही सस्ते हैं और निजी टेलीकॉम कंपनियों के पास इस तरह के प्लान नहीं हैं।

### जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के प्लान में करीब 600 रुपए तक की हुई है बढ़ोतरी

### जिस दिन टेलीकॉम कंपनियों के प्लान महंगे हुए, उस दिन सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा था बीएसएनएल

**बीएसएनएल का 107 रुपए का प्लान**

यह बीएसएनएल का किफायती प्लान है। इसके साथ 35 दिनों की वैधता मिलती है और कुल 3जीबी 4जी डाटा मिलता है। बीएसएनएल के इस प्लान के साथ 200 मिनट वॉयस कॉल मिलती है। इसी तरह का एक प्लान है जिसकी कीमत 108 रुपये है। इस प्लान के साथ रोज 1जीबी 4जी डाटा और 28 दिनों की वैधता मिलती है।




**बीएसएनएल का 197 रुपए का प्लान**

सरकारी कंपनी बीएसएनएल के पास एक 197 रुपये का प्लान है। इस प्लान में 70 दिनों की वैधता मिलती है। इसके अलावा इसमें अनलिमिटेड कॉलिंग और रोज 2जीबी 4जी डाटा मिलता है। इसमें रोज 100 एसएमएस मिलते हैं जो कि पहले 18 दिन मिलेंगे। कॉलिंग भी शुरुआती 18 दिनों के लिए होगी।

### बीएसएनएल का 397 रुपए का प्लान

*बीएसएनएल के इस प्लान में 150 दिनों की वैलिडिटी मिलती है। इसमें सभी नेटवर्क पर अनलिमिटेड कॉलिंग के साथ शुरुआती 30 दिनों तक 2जीबी डाटा मिलेगा।*

### बीएसएनएल का 797 रुपए का प्लान

*बीएसएनएल का यह प्लान 300 दिनों की वैधता के साथ आता है। इस प्लान के साथ शुरुआती 60 दिनों तक सभी नेटवर्क पर अनलिमिटेड कॉलिंग और 2जीबी 4जी डाटा मिलेगा।*

### बीएसएनएल का 1,999 रुपए का प्लान

*बीएसएनएल का 1,999 रुपये वाला प्लान 365 दिनों की वैधता के साथ आता है। इस प्लान में भी अनलिमिटेड कॉलिंग मिलती है। इस प्लान में 600जीबी 4जी डाटा मिलता है। इसमें कई सारी थर्ड पार्टी सर्विसेज मिलती हैं।*

## खबर संक्षेप

### राहुल पर एक्शन क्यों नहीं लेते मोदी-शाह?

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सीनियर सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि "हार्वर्ड से इकनॉमिक्स में पीएचडी होल्डर सुब्रमण्यम स्वामी ने पोस्ट में बताया कि राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता है, जिसके उनके पास सबूत हैं।



सुब्रमण्यम स्वामी ने आगे सवाल उठाया कि इस सबके बाद भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक्शन लेने (राहुल गांधी के खिलाफ) से क्यों बच रहे हैं? स्वामी के मुताबिक, "नरेंद्र मोदी या अमित शाह मेरे सबूतों के आधार पर राहुल गांधी की नागरिकता रद्द करा सकते हैं। छह बार सांसद रहे सुब्रमण्यम स्वामी ने बुधवार को कहा कि नरेंद्र मोदी गांधी परिवार के लोगों से नहीं लड़ सकते हैं। एक्स' (पहले ट्विटर) पोस्ट के जरिए पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा, "नरेंद्र मोदी जब मुख्यमंत्री (गुजरात के) थे, तब से वह उनसे मिले हुए हैं।

### कंगना को थप्पड़ मारने वाली पर एक और एक्शन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ जड़ने वाली सीआईएसएफ महिला कर्मी कुलविंदर कौर का ट्रांसफर कर दिया गया है। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, कुलविंदर को ट्रांसफर चंडीगढ़ से बेंगलुरु किया गया है। सीआईएसएफ ने साफ किया है कि वह अभी सस्पेंडेड ही हैं और उनके खिलाफ विभागीय जांच जारी है। कुलविंदर कौर ने पिछले दिनों चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर कंगना को उनके अतीत में किसान आंदोलन को लेकर दिए गए बयान से आहत होकर थप्पड़ जड़ दिया था। इसके बाद कुलविंदर को नौकरी से सस्पेंड कर दिया गया था।

## पिछले 15 दिन में राज्य में पुल गिरने की 10वीं घटना

# बिहार में फिर हादसा, सीवान में एक-के-बाद-एक तीन पुल ध्वस्त



**खास बातें**

- इलाके में मचा हड़कंप, लोग पुल के निर्माण कार्य पर उठा रहे सवाल
- हादसे के बाद कई गांव के बीच बाधित हो गया है आवागमन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में फिर से पुल हादसा हुआ है। सीवान में बैक टू बैक तीन पुल ध्वस्त हो गए। लगातार बारिश के कारण कुछ ही घंटों में तीन पुल गिरने से कई गांवों के बीच संपर्क टूट गया है। पहली घटना महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा गांव और देवरिया गांव के बीच की है। यहां गंडक नदी पर बना 35 साल पुराना पुल का का एक पाया धंसने लगा। देखते ही देखते पुल गंडक नदी में समा गया। दूसरी घटना महाराजगंज प्रखंड के तेवथा पंचायत की है। नौतन और सिकंदरपुर गांव के गंडक नदी पर बना पुल गिर गया। वहीं तीसरा पुल धीमही गांव में गंडक नदी में बना था। यह भी धाराशायी हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिन पहले इस पुल की मरमत भी हुई थी। उसके बाद भी यह पुल टूट गया है। पानी के तेज बहाव के कारण बताया जा रहा है।

हादसे के बाद कई गांव के बीच आवागमन बाधित हो गया है। इलाके में हड़कंप मच गया। लोग पुल के निर्माण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है यह पुल 35 से 40 साल पुराना था। हजारों लोगों के आने-जाने का मात्र एक यही साधन था। जो अब पूरी तरह से टूट गया है। ग़नीमत रही कि इस हादसे में जानमाल की कोई नुकसान नहीं पहुंचा। पिछले 15 दिन में राज्य में ऐसी सातवीं घटना है। हाल में मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जैसे जिलों में भी ऐसी ही घटनाएं हुई हैं, जिसके बाद बिहार सरकार ने इन घटनाओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है।

**पहले गिर चुके हैं 7 पुल**

इस हादसे के पहले 22 जून को महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर पुल अचानक गिर गया था। 28 जून को मधुबनी जिले के मधेपुर प्रखंड के भेजा कोशी बांध चौक से महपतिया मुख्य सड़क में ललवारही निकट का है। ग्रामीणों का कहना है कि गार्डर के लिए शटरिंग का काम चल रहा था। तभी भूतही बालन नदी में अचानक जलस्तर बढ़ गया जिस वजह से पानी के तेज बहाव में गार्डर बह गया। 23 जून को पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा निर्माणाधीन पुल भरभरा कर गिर गया। पुल की ढलाई का काम कई दिनों से चल रहा था। अचानक रात में करीब 40 फीट लंबा हिस्सा गिर गया। 18 जून को अररिया जिले सिकटी प्रखंड में बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले ही पुल ध्वस्त हो गया था। 182 मीटर का पुल कुल तीन हिस्सों में बना था। दो पाए के साथ दो हिस्सा नदी में समा गया। इसी तरह और भी पुल गिरे हैं।

### पुलों ने पानी में कूदकर आत्महत्या कर ली : तेजस्वी

इस घटना को लेकर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने पुलों के ध्वस्त होने की खबर का वीडियो शेयर करते हुए बिहार की डबल इंजन सरकार पर तंज किया है। तेजस्वी ने कहा कि अब इसका दोष भी बिहार की सरकार विपक्ष पर मढ़ देगी।



अपने एक्स हैंडल पर तेजस्वी यादव ने लिखा, "बीजेपी और नीतीश कुमार की बिहार में वर्षों की रिकॉर्डतोड़ ईमानदारी से तंग आकर दिन में अभी समाचार लिखे जाने तक कुल 10 पुलों ने पानी में कूदकर आत्महत्या कर ली।" "डबल इंजन सरकार अब इसका दोष भी विपक्ष को देकर अपने कर्तव्यों, सुशीलता से परिपूर्ण वसूली तंत्र एवं डबल इंजन पॉवर्ड भ्रष्टाचार का इतिश्री कर सकती है।" पोस्ट शेयर करते हुए तेजस्वी यादव ने क्राइम और करप्शन का हैशटैग भी डाला है।

## 68 सांसदों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर की चर्चा

# लोकसभा के पहले सत्र में हुआ 103 प्रतिशत काम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



18वीं लोकसभा का पहला सत्र मंगलवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि लोकसभा के पहले सत्र में 103 प्रतिशत काम हुआ। स्पीकर ने बताया कि पहले सत्र में 7 बैठकें हुईं और ये बैठकें 34 घंटे चलीं। पहले सत्र में 539 नवनिर्वाचित सांसदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। पहले सत्र में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी फिर से अध्यक्ष पद के लिए चुने गए। स्पीकर ने बताया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर 68 सदस्यों ने चर्चा में हिस्सा लिया। स्पीकर की तरफ से जारी बयान में ओम बिरला ने लोकसभा अध्यक्ष पर ध्वनिमत से लगातार दूसरी बार अपने चुनाव के लिए कृतज्ञता प्रकट की। लोकसभा स्पीकर ने बताया सदन में 27 जून को राष्ट्रपति का अभिभाषण हुआ, जिस पर लोकसभा में 18 घंटे चर्चा हुई। 68 सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया और 50 सदस्यों ने लोकसभा में अपनी बात रखी। राहुल गांधी को लोकसभा में नेता विपक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री ने जवाब दिया।

**उठाए गए 41 मामले**

18वीं लोकसभा के पहले सत्र में नियम 377 के तहत 41 मामले उठाए गए और नियम 73ए के तहत तीन बयान जारी किए गए। इनके अलावा सत्र के दौरान 338 दस्तावेज सदन के पटल पर रखे गए। लोकसभा स्पीकर ने प्रोटेम स्पीकर भृतहरि महताब के प्रति भी कृतज्ञता जाहिर की। भृतहरि महताब के नेतृत्व में ही संसद के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। स्पीकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, संसदीय कार्य मंत्रालय, विभिन्न पार्टियों के नेताओं, सदन के सदस्यों को भी धन्यवाद दिया। लोकसभा का सत्र 24 जुलाई से शुरू हुआ था।

## आप नेताओं को नहीं मिल रही राहत

# केजरी, सिसोदिया को फिर झटका, बढ़ी हिरासत अवधि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार (3 जुलाई) को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत अवधि 12 जुलाई तक बढ़ा दी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप ) के मुखिया अरविंद केजरीवाल और विनोद चौहान की न्यायिक हिरासत 12 जुलाई तक बढ़ा दी है। केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए विशेष जज कावेरी बावेजा के समक्ष पेश हुए। इस बीच, दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा कि कथित




आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर वह 5 जुलाई को सुनवाई करेगा। अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट का रुख कर कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में CBI द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में जमानत का अनुरोध किया है।

### सिसोदिया और के कविता की बढ़ी न्यायिक हिरासत

आबकारी नीति से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज ऐवन्यू कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने दोनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ाई। आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया और के कविता की न्यायिक हिरासत खत्म हो गई थी, जिसके बाद उन्हें पेश किया गया है। मनीष सिसोदिया तिहाड़ जेल में बंद हैं। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था।

## जेल से बाहर आएगा अमृतपाल, मिली पैरोल

**नई दिल्ली।** असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को कुछ शर्तों के साथ 5 जुलाई से 4 दिनों की पैरोल मिल गई है। खालिस्तानी संगठन



'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने लोकसभा चुनाव में पंजाब की खडूर साहिब सीट से निर्दलीय जीत दर्ज की है। अमृतपाल को कुछ शर्तों के साथ 4 दिनों के लिए पैरोल दी गई है जिसकी शुरुआत 5 जुलाई से होगी. डीसी अमृतसर घनश्याम थियोरी ने बताया कि जेल अधीक्षक डिब्रूगढ़ को इस बारे में जानकारी दे दी गई है। अमृतपाल सिंह पिछले साल मार्च से जेल में बंद है। 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल सिंह और उनके तीन सहयोगियों की हिरासत अवधि 24 जुलाई को समाप्त होनी थी, जबकि 6 अन्य सहयोगियों की हिरासत अवधि 18 जून को समाप्त होनी थी।

## एनएसए अजीत डोभाल ने अपनी टीम में किए बड़े बदलाव

# आईबी और रॉ के दो अधिकारी बनाए गए डिप्टी एनएसए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने अपनी एनएससीएस टीम में बड़े बदलाव किए हैं। इंटेलिजेंस ब्यूरो में स्पेशल डायरेक्टर और 1990 बैच के आईपीएस टीवी रविचंद्रन को भारत का नया डिप्टी एनएसए नियुक्त किया गया है। 1990 बैच के आईएफएस पवन कपूर को भी डिप्टी एनएसए बनाया गया है। वह विदेश में विभिन्न भारतीय मिशनों, विदेश



मंत्रालय और नई दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय में भी तैनात रहे हैं। उन्होंने लंदन में राष्ट्रमंडल सचिवालय में एक अंतरराष्ट्रीय सिविल सेवक के रूप में भी कार्य किया है। हाल ही में डिप्टी एनएसए विक्रम मिस्त्री को विदेश सचिव बनाया गया है।

### लगातार तीसरी बार एनएसए बने हैं डोभाल

अजीत डोभाल 1968 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त है। 20 जनवरी, 1945 को उत्तराखंड के पौढ़ी गढ़वाल में जन्मे डोभाल को देश के लिए उनकी विशिष्ट सेवाओं को ध्यान में रखकर 1988 में कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया था। गौरतलब है कि अजीत डोभाल भारतीय पुलिस पदक पाने वाले सबसे कम उम्र के आईपीएस अधिकारी रहे हैं।

## नासा ने दी खुशखबरी

# सुनीता के अंतरिक्ष यान को नहीं है 'खतरा'



एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

बोइंग स्टारलाइनर की पृथ्वी पर वापसी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच नासा ने एक अच्छी खबर साझा की है। एजेंसी ने पिछले एक कॉन्फ्रेंस में खुलासा किया है कि अंतरिक्षयान काफी अच्छी स्थिति में है और अपनी 45-दिन की सीमा से ज्यादा भी अपनी कक्षा में रह सकता है। नासा के वाणिज्यिक क्रू प्रोग्राम के प्रबंधक स्टीव स्टिच ने संवाददाताओं से कहा, "हमने 45 दिन की सीमा के बारे में बात की, जो स्टारलाइनर पर चालक दल मॉड्यूल बैटरी द्वारा सीमित है, और हम उस सीमा को अपडेट करने की प्रक्रिया में हैं।" उन्होंने कहा, "हम उन बैटरियों और कक्षा में उनके प्रदर्शन को देख रहे हैं।" स्टिच ने आगे कहा, "वे स्टेशन में रिचार्ज हो रहे हैं। लेकिन अब भी जोखिम बना हुआ है। इसलिए अगले 45 दिनों के लिए जोखिम पहले 45 दिनों के जैसा ही है।" उन्होंने आगे कहा, "हम असली में अब शिप में बैटरी के प्रदर्शन को देख रहे हैं। हम बैटरी वाले किसी भी सेल के प्रदर्शन में कोई गिरावट नहीं देख रहे हैं।"

**5 जून को किया गया था लॉन्च**

5 जून को लॉन्च किया गया अंतरिक्ष यान शुरू में एक सप्ताह के मिशन के लिए भेजा गया था। लेकिन, स्टारलाइनर के सर्विस मॉड्यूल से हीलियम लीक की बात सामने आने के बाद इसे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में डॉक करना पड़ा। अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स केप कैनावेरल से अंतरिक्षयान के लॉन्च होने के बाद आईएसएस में डॉक करने में कामयाब रहे थे। हालांकि, डॉकिंग से पहले, रिएक्शन कंट्रोल सिस्टम के 28 थ्रस्टर्स में से पांच खराब हो गए। इससे मिशन को अनिश्चितकालीन के लिए आगे बढ़ा दिया गया। अंतरिक्ष यान की पृथ्वी पर वापसी में लगातार देरी ने इसके क्रू की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

रायपुर
गुरुवार, 4 जुलाई 2024
आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 22, अंक : 346
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 32.9
न्यून. 24.7

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 आईआईएस में ट्रेनिंग लेंगे 30 भारतीय तैराक
विचार पेज
2 ...गरिमापूर्ण बना रहे लोकतंत्र

# सरकारी अस्पताल का कमाल, विश्व में पहली बार किडनी की 100 फीसदी ब्लॉक नस को खोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

किडनी को खून की आपूर्ति करने वाली बायीं नस के सौ प्रतिशत ब्लाकेज और हृदय की मुख्य धमनी के 90 फीसदी रुकावट का एक्जाइमर लेजर विधि से सफल इलाज किया गया। उपलब्ध मेडिकल लिटरेचर के अनुसार विश्व में लेजर एंजियोप्लास्टी द्वारा किडनी की नस के पूर्ण ब्लॉक के उपचार का यह पहला केस है, जिसके माध्यम से 66 वर्षीय मरीज को राहत मिली। एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में उपचार कर मरीज को रीनल फेल्योर और हार्ट फेल्योर होने से बचा लिया गया। डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि मरीज की किडनी को खून की आपूर्ति करने वाली दोनों नसों में ब्लॉकेज था। एक में 100 प्रतिशत ब्लॉकेज/रुकावट था, एक में 70-80 प्रतिशत ब्लॉकेज था। लेफ्ट रीनल आर्टरी जहां से शुरू होती है, वहीं मुख्य ब्लॉकेज था। इसके कारण खून का प्रवाह बिल्कुल बंद हो चुका था। इसके साथ ही हृदय की मुख्य नस में ब्लॉकेज था, जिसके इलाज के लिए उसे 2023 में निजी अस्पताल में स्टंट लगा था, जो बंद हो चुका था। इन सब समस्याओं के कारण मरीज को हार्ट फेल्योर हाईपरटेंशन, सांस लेने में तकलीफ के साथ अनियंत्रित बीपी की समस्या थी।

## समय पर इलाज कर 66 वर्षीय मरीज की किडनी फेल होने से रोका

### कुछ दिन निगरानी में

*ऑपरेशन के बाद कुछ दिनों तक मरीज को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया। उसकी स्थिति अब सामान्य हो चुकी है और अब वह अस्पताल से छुट्टी लेकर घर जाने को तैयार है। उसे डिस्चार्ज किया जा रहा है।*

**हृदय की मुख्य नस में भी थी रुकावट एसीआई में मिली मरीज को राहत**



### ऐसे हुआ उपचार

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि सौ फीसदी कठोर ब्लाकेज लेफ्ट रीनल आर्टरी में एक्जाइमर लेजर से रास्ता बनाया, फिर बैलून से उसे बड़ा किया। इसके बाद उसमें स्टंट लगाकर ब्लाकेज को पूरी तरह खोल दिया गया। ब्लाकेज हटने से ब्लडप्रेशर अपनी सामान्य स्थिति में आ गया। इसके पूर्व हृदय की बायीं तरफ की मुख्य नस के भीतर लगे पुराने स्टंट के 90 प्रतिशत ब्लाकेज को भी इसी प्रक्रिया से हटाया गया। इसके बाद एक अतिरिक्त स्टंट डालकर रुकावट की समस्या का समाधान किया गया।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### नीट पेपर लीक मामले में साजिशकर्ता गिरफ्तार


**नई दिल्ली।** नीट यूजी परीक्षा गड़बड़ी मामले में झारखंड में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई सामने आई है।



सीबीआई ने बुधवार को धनबाद से नीट-यूजी पेपर लीक मामले में कथित सह-साजिशकर्ता अमन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। नीट-यूजी गड़बड़ी मामले की जांच के सिलसिले में यह सातवीं गिरफ्तारी है।

### 'चाइनाटाउन' के ऑस्कर विजेता लेखक रॉबर्ट टाउन का निधन


**न्यूयॉर्क।** 'चाइनाटाउन' फिल्म के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले अमेरिका के जाने माने लेखक एवं



फिल्म निर्देशक रॉबर्ट टाउन का लॉस एंजिलिस में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। रॉबर्ट की प्रचारक कैरी मैक्कलर ने बताया कि टाउन का निधन सोमवार को हुआ। उन्होंने यह नहीं बताया कि टाउन की मौत का क्या कारण था।

### बाल आश्रम बीमार बच्चों की तादाद 38 हुई

**इंदौर।** इंदौर में विशेष बच्चों के एक आश्रम में संदिग्ध खाद्य विषाक्तता



के कारण सात और बच्चों को एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद इस समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती बच्चों की तादाद बढ़कर 38 पर पहुंच गई है। श्री युगपुरुष धाम बाल आश्रम में मंगलवार देर रात सात और बच्चों में उल्टी-दस्त के लक्षण दिखाई दिए।

### लद्दाख में 4.4 तीव्रता का भूकंप


**लेह/जम्मू।** लद्दाख में बुधवार को 4.4 तीव्रता का भूकंप आया।



अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण जान-माल का नुकसान होने की फिलहाल कोई खबर नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप सुबह आठ बजकर 12 बजे मिनट पर आया और इसका केंद्र 15 किलोमीटर की गहराई में था।

### गर्भवती की जीका वायरस जांच कराएं

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में जीका वायरस के कुछ मामले सामने आने



के बाद, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को परामर्श जारी कर निगरानी बनाये रखने का निर्देश दिया। राज्यों से आग्रह किया गया है कि वे गर्भवती महिलाओं की जीका वायरस जांच कराये जाने पर ध्यान दें।

## छत्तीसगढ़ में छाए रहे बादल, अरुणाचल प्रदेश में 60 हजार बाढ़ से जूझ रहे

# कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट, असम में बाढ़ का कहर, 11 लाख से अधिक प्रभावित

- मौसम विभाग ने 7 जुलाई तक के लिए जारी की चेतावनी
- पूर्वोत्तर भारत में हो रही मानसूनी बारिश

*मौसम विभाग ने 7 जुलाई तक कई राज्यों के अलग-अलग हिस्सों में भारी से अत्यधिक बारिश की चेतावनी दी है। असम में बाढ़ से 28 जिलों में 11.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम से लेकर पूर्व और पूर्वोत्तर भारत तक देश के अधिकांश क्षेत्रों में मानसूनी बारिश हो रही है। बुधवार को पश्चिमी हिमालयी पहाड़ी राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर वर्षा हुई। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों के साथ मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में भारी तो कुछ में अत्यधिक वर्षा दर्ज की गई। इससे उमसभरी गर्मी से राहत मिली है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश के चलते असम समेत पूर्वोत्तर के राज्य बाढ़ का सामना कर रहे हैं। असम में स्थिति अत्यधिक गंभीर है। राज्य के 28 जिलों में 11.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मणिपुर में स्कूल-कॉलेज गुरुवार तक बंद कर दिए गए हैं। मौसम विभाग ने 7 जुलाई तक कई राज्यों के अलग-अलग हिस्सों में भारी से अत्यधिक बारिश की चेतावनी दी है और रेड, ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है।

### असम में बाढ़ से बिगड़े हालात

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि भौगोलिक कारकों के चलते बाढ़ की ऐसी स्थिति बनी है। उन्होंने कहा कि चीन, भूटान और अरुणाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बारिश के चलते असम में बाढ़ आई है जो राज्य के नियंत्रण से परे है। राज्य में ब्रह्मपुत्र समेत सभी नदियां उफान पर हैं। बारपेटा, कछार, दरांग, धेमाजी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप समेत राज्य के 28 जिले बाढ़ की दूसरी लहर से बुरी तरह प्रभावित हैं।



### उत्तराखंड-असम में आज बारिश का रेड अलर्ट

असम और उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना है और दोनों राज्यों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उपहिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, बिहार, नगालैंड, मणिपुर, मिजोर, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में भारी से भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### छत्तीसगढ़ समेत देश में बारिश के लिए अनुकूल हालात

आईएमडी के अनुसार, पूरे देश में मानसूनी बारिश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हैं। इसके चलते अगले चार दिनों तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पूर्व में ओडिशा और झारखंड और दक्षिण में केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्र, गोवा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्य स्तर की बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## तीसरी लड़की पैदा होने पर मां ने बेटी को फेंका था कुंए में, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

दो दिन पहले घर से लापता हुई 24 दिन की बच्ची की घर के पास कुंए में लाश मिलने की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को सफलता मिल गई है। गहन जांच के बाद आखिरकर तीसरे दिन निर्मोही मां टूट गई। तीसरी लड़की पैदा होने पर घर में मान सम्मान कम होने के भय से उसने ही अपनी दुधमुंही बेटी को जिंदा कुंए में फेंक दिया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। मस्तूरी क्षेत्र ग्राम किरारी निवासी किसान करण गोयल की पहले से दो बेटियां थीं। 24 दिन पहले उनकी पत्नी ने तीसरी बेटी को जन्म दिया था। 30 जून की रात 2 बजे उनकी पत्नी हसीन गोयल की नींद खुली तो बिस्तर से ▶▶| शेष पेज 4 पर



- मां को था मान सम्मान कम होने का भय

### बेटे की चाह थी, हो गई बेटी

पुलिस के अनुसार, आरोपी हसीन गोयल की पहले से दो बेटियां थीं। तीसरी बार उनको बेटा होने की चाह थी। किन्तु तीसरी बार भी लड़की पैदा हो गई, जिससे उनके मन में डर समा गया कि तीसरी बार बेटी पैदा होने से उनका मान सम्मान घर में कम हो जाएगा। इसके डर से उन्होंने अपनी 24 दिन के बेटी को कुंए में फेंककर मार डाला।

### ऐसे किया कबूल

दुधमुही बच्ची के लापता होने व दूसरे दिन लाश मिलने के बाद भी मां हसीन गोयल के आंख से एक बूंद आंसू नहीं निकला था। इसी संदेह पर पुलिस पिछले दो दिनों से उससे पूछताछ कर रही थी। बेटी के अंतिम संस्कार के बाद रात में निर्मोही मां के सब्र का बांध टूट गया और उसने फूट फूटकर रोते हुए बेटी को कुंए में फेंककर मार देना स्वीकार कर लिया। रात 12 बजे परिजन की सूचना पर पुलिस मां हसीन को पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ में उसने बताया रात 1 बजे घरवाले सो गए थे, तब वह बच्ची को लेकर बाहर निकली और कुंए में फेंककर दरवाजा अंदर से बंदकर सो गई थी।

- मंगलवार सुबह हिकुलनार व घमण्डी ग्राम के बीच माओवादियों के साथ हुई थी मुठभेड़
- मारे गए नक्सलियों की संलिप्तता सेंट्रल कमेटी सुरक्षा टीम के पीएलजीए कंपनी नंबर एक से

# माड़ से 5 पुरुष माओवादी के शव व हथियार लेकर लौटी फोर्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नारायणपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

नारायणपुर के माड़ स्थित कोहकमेटा थाना क्षेत्र के ग्राम हिकुलनार व घमण्डी के जंगल में पिछले 48 घटे तक चले अंतरजिला नक्सल अभियान में सुरक्षाबलों ने जिन 5 पुरुष नक्सलियों को मार गिराया था, उनके शवों को लेकर सुरक्षित लौट चुकी है। शवों के साथ सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से थ्री नॉट थ्री रायफल के अलावा भारी मात्रा में विस्फोटक व हथियार बरामद किया है। नक्सलियों के शव के अलावा ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 6 माह में 136 ढेर 482 नक्सली गिरफ्तार, 453 ने किया समर्पण

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि वर्ष 2024 में माओवादियों के खिलाफ नक्सल विरोधी अभियान संचालित किए जाने के परिणाम स्वरूप बस्तर रेंज में अंतर्गत अब तक कुल 136 माओवादियों के शव बरामद किए जा चुके है वहीं 482 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया और 453 माओवादी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके है। माड़ मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की प्राथमिक शिनाख्ती के आधार पर इनके सेंट्रल कमेटी सुरक्षा टीम के पीएलजीए कंपनी नंबर 1 से संलिप्त होना पाया गया है।

### बस्तर को नई सकारात्मक पहचान देने प्रयास

बस्तर रेंज में तैनात पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवानों द्वारा क्षेत्र की जनता की जान-माल की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र की जनता को नक्सल गतिविधियों से मुक्ति दिलाने के साथ बस्तर को एक नई सकारात्मक पहचान मिल सके इसके लिए हम प्रयासरत है।
- सुंदरराज पी, आईजी बस्तर

### 2 थाना, 3 कैम्प से 4 जिले की फोर्स आपरेशन में शामिल

*पिछले 48 घटे से नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में 1 हजार से अधिक संयुक्त बल के जवान शामिल थे। जिन्हें नारायणपुर के थाना कोहकामेटा व थाना सोनपुर के अलावा ईरकभट्टी, मोहंदी व ढोढरीबेड़ा कैम्प से रवाना किया गया था। डीआईजी केएल ध्रुव ने बताया कि संयुक्त अभियान में दंतेवाडा, जगदलपुर व कोण्डागांव डीआरजी के अलावा एसटीएफ, आईटीबीपी 53 वीं बटालियन व बीएसएफ 135 वीं बटालियन का बल शामिल था।*

**छूट रही पढ़ाई**

## 60 हजार से अधिक स्पेशल बच्चे शिक्षक सिर्फ 888

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने आरसीआई ट्रेंड टीचर्स एसोसिएशन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए स्कूलों में विशेष शिक्षकों की भर्ती पर स्कूल शिक्षा सचिव से 6 सप्ताह में शपथपत्र पर जवाब मांगा था। बुधवार को हुई सुनवाई में इसे पेश नहीं किया जा सका। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई फिर से 6 हफ्ते के लिए बढ़ा दी है। आरसीआई ट्रेंड टीचर्स एसोसिएशन ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर ▶▶| शेष पेज 4 पर

### शिक्षा के अधिकार में भी उल्लेख

*चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डीबी में हुई सुनवाई में अधिवक्ता तिवारी ने बताया है कि यही मामला सुप्रीम कोर्ट भी गया था। इसमें जस्टिस रजनीश पाण्डेय ने सभी राज्य सरकारों को विशेष शिक्षक अपने स्कूलों में नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। सुको ने राज्यों से इसकी कम्पलाएंस रिपोर्ट भी मंगाई थी।*

*हेमंत सोरेन फिर चुने गए विधायक दल के नेता*

# चंपई ने झारखंड सीएम पद से दिया इस्तीफा, हेमंत ने पेश किया दावा

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं और विधायकों ने यहां चंपई सोरेन के आवास पर एक बैठक में सर्वसम्मति से हेमंत सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक दल का नेता चुना। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद दो फरवरी को झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले चंपई सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष की उपस्थिति में अपना इस्तीफा दे दिया जिससे दिन भर चलीं अटकलों पर विराम लग गया। हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया और जल्द ही शपथग्रहण समारोह आयोजित होने की संभावना है। शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री होंगे। झारखंड 15 नवंबर 2000 को बिहार से अलग होकर एक पृथक राज्य बना था। इस बीच, हेमंत सोरेन ने मीडिया से कहा कि सरकार बनाने की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। जल्द ही सबकुछ बताया जाएगा।



### आज ले सकते हैं शपथ

*कांग्रेस विधायक बन्ना गुप्ता के मुताबिक, राजभवन की ओर से गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक शपथग्रहण के बारे में जानकारी दिए जाने की बात कही गई है। चंपई सोरेन ने राजभवन से बाहर आने के बाद कहा, मैंने झामुमो-नीत गठबंधन के फैसले के अनुसार इस्तीफा दे दिया है। हमारा गठबंधन मजबूत है।*

## अब 11 की जगह 10 को भिलाई में बैठक संभावित

# प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक 10 को, खट्टर रहेंगे मौजूद


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की प्रस्तावित बैठक बदले हुए कार्यक्रम के मुताबिक अब 10 जुलाई को संभावित है। पूर्व में यह बैठक 11 जुलाई के लिए प्रस्तावित थी, लेकिन इसी दिन 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के आगमन के कारण तारीख बदलनी पड़ रही है। बताया गया है कि इस बैठक में शामिल होने विशेष रूप से हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर आएंगे। उनकी उपस्थिति राष्ट्रीय संगठन के प्रतिनिधि के रूप में होगी। प्रदेश भाजपा सूत्रों के अनुसार कार्यसमिति की बैठक 10 जुलाई को संभावित है। यह बैठक भिलाई में प्रस्तावित है। इस बैठक के संबंध में जानकारी मिली है कि यहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के पूर्व की प्रक्रिया के संबंध में चर्चा होगी। दरअसल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल पिछले महीने 20 जून को समाप्त हो चुका है। अब पार्टी को नया अध्यक्ष बनाना है, लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के पहले ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पेश होगा राजनीतिक प्रस्ताव

*प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव भी पेश किया जाएगा। कार्यसमिति की बैठक में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की तीसरी पारी के संबंध में धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जाएगा। इधर छत्तीसगढ़ में भी लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन शानदार रहा है। राज्य की 11 में से 10 सीटें भाजपा के* ▶▶| शेष पेज 4 पर



### नगरीय निकायों के सीधे चुनाव पर भी बात

भाजपा सूत्रों की मानें तो प्रदेश कार्यसमिति में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के चुनाव को प्रत्यक्ष प्रणाली से करने के संबंध में चर्चा होगी। इससे पहले पिछले दिनों दिल्ली में हुई पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक में इस विषय पर विचार विमर्श किया गया था। इस बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव शामिल हुए थे। इसी क्रम में रायपुर में पिछले दिनों भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन की ▶▶| शेष पेज 4 पर

चिंतन

# हंगामा, नारेबाजी संसद की प्रकृति न बन जाएं

मोदी 3.0 सरकार के पहले संसद सत्र लक्ष्य के अनुरूप ही चले। सांसदों का शपथग्रहण हुआ, राष्ट्रपति का अभिभाषण हुआ, अभिभाषण पर चर्चा हुई, चर्चा के दौरान विपक्ष ने जहां सरकार पर अनेक आरोप लगाए, वहीं सरकार ने विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। पहली बार राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के तौर पर संसद में अभिभाषण पर चर्चा में शामिल हुए। उन्होंने विषयान्तर होकर सरकार पर अनेक आरोप चस्पा किए, जिसमें सरकार को तुरंत हस्तक्षेप भी करना पड़ा। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने धन्यवाद संबोधन में लोकसभा व राज्यसभा में विपक्ष के हर आरोप का न केवल जवाब दिया बल्कि कांग्रेस को कटघरे में खड़ा भी किया। इस छोटी अवधि के सत्र की सबसे बड़ी खामी यह दिखी कि सत्ता पक्ष ने जिस धैर्य के साथ नेता प्रतिपक्ष समेत सभी विपक्षी वक्ताओं को सुना, विपक्ष ने ऐसा नहीं किया, पीएम के जवाब के दौरान कांग्रेस समेत विपक्षी सांसद होहल्ला करते रहे, नारेबाजी करते रहे, व्यवधान पैदा करते रहे। सुनाने के साथ सुनने की भी शिष्टता की जरूरत होती है। विपक्षी खासकर कांग्रेस सदन के कामकाज में खलल डालने में सबसे आगे रही। केवल आरोप लगा देना ही काफी नहीं है, उसका जवाब सुनना भी आवश्यक है। पीएम मोदी के संबोधन के दौरान लोकसभा व राज्यसभा में कांग्रेस सांसदों ने जिस प्रकार सयास व्यवधान डाला, शोरगुल किया, वह अशोभनीय है, संसद की गरिमा के खिलाफ है। सांसदों का सदन में दायित्व है कि जब कोई संसद सदन में अपनी बात रखें तो उपस्थित सांसदों को उसे शांतचित्त से सुनना चाहिए। होहल्ला करने से कोई किसी की बात न सुन सकेगा, न समझ सकेगा और न संवाद प्रेषित हो सकेगा। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अहम है, लेकिन वह रचनात्मक होनी चाहिए, अवरोधक नहीं होनी चाहिए। दुर्भाग्य से हमारी संसद में विपक्ष ने अपनी भूमिका अवरोधक की तय कर ली है। विपक्ष को भ्रम हो गया है कि जनादेश उसके पक्ष में है, जबकि ऐसा नहीं है। देश की जनता ने जनादेश मोदी नीत राजग को दिया है, इसजिए राजग ने लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाई है। राहुल गांधी को यह भी भ्रम है कि भाजपा व संघ के लोग ऐसे हिंदू हैं जो हिंसा की बात करते हैं, जबकि ऐसा नहीं है, यह हिंदू के एक बड़े वर्ग को अपमानित करने जैसा है। पीएम मोदी ने नीट पर विपक्ष के सवालों का जवाब दिया कि एक भी दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं को लेकर विपक्ष के आरोपों पर पीएम ने जवाब में कहा कि घाटी में आतंकवाद अंतिम चरण में है, सरकार इसके खात्मे करने को लेकर प्रतिबद्ध है। भ्रष्टाचार बढ़ने के विपक्ष के आरोपों पर पीएम ने कहा कि सरकार ने करप्शन के खिलाफ काम कर रही एजेंसियों को खुली छूट दे रखी है, दोषी कटघरे में खड़े किए जाएंगे। पीएम ने सदन को आश्वस्त भी किया कि उनके नेतृत्व वाली सरकार के आने वाले पांच वर्ष गरीबों के खिलाफ लड़ाई के लिए निर्णायक हैं। आज ही आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड एकोनॉमिक रिसर्च ने अपने शोधपत्र में दावा किया है कि कोविड महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में गरीबी वित्त वर्ष 2011-12 के 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई। यह मोदी सरकार के दस साल की कार्यावधि की बड़ी उपलब्धि है कि गरीबी में 12.5 फीसदी के करीब कमी आई है। ये आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार की नीति भी सही है और नीयत भी। मोदी सरकार जनकल्याण की भावना राष्ट्र के विकास व गरीबी उन्मूलन के लिए काम कर रही है। संसद में विपक्ष को हंगामे का प्रतीक बनने की बजाय रचनात्मक लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए काम करना चाहिए।

सवाल
डॉ. रमेश ठाकुर



# किसकी लापरवाही से सत्संग स्थल बना श्मशान घाट

सत्संग स्थल को किसने श्मशान घाट में तब्दील किया? ये सवाल घटना घट जाने के बाद हादसा स्थल के चारों ओर गूंज रहा है। जवाब कौन देगा और कौन है हादसे का जिम्मेदार? ये सवाल भी वहां मुंह बाये खड़ा हुआ है। भगदड़ में मरने वालों की फैली लाशें, कराहते घायल श्रद्धालुओं की चीखें देखकर परिजनों की हिम्मत जवाब देती दिखी। राहत-बचाव में जुटे कर्मियों के कलेजे भी कपकपा रहे थे। हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में संभावित या आपातकाल की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासनिक इंतजाम अगर थोड़े से भी होते तो इतनी दर्दनाक घटना नहीं घटती। हैरानी की बात ये है कि पांच हजार सत्संगियों की रक्षा में मात्र 73 पुलिसकर्मी तैनात थे, जिनमें दो दर्जन तो होमगार्ड ही थे। घटना का शोर जब तेजी से मचने लगा तो सबसे पहले सुरक्षाकर्मी ही भाग खड़े हुए। प्रशासन और आयोजक दोनों गहरी नींद में सोए हुए थे। सत्संग स्थल पर एक भी एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं थी। न ही कोई फायर ब्रिगेड की गाड़ी वहां तैनात थी और न ही कोई विशेष अन्य व्यवस्थाएं की गईं थीं, हाथरस भगदड़ हादसा स्थानीय प्रशासन की घोर लापवाही का नतीजा इसलिए कहा जाएगा, क्योंकि जिस सत्संग स्थल पर बाबा भोले नाथ प्रवचन का आयोजन था, उसमें मात्र पांच हजार लोगों की बैठने की व्यवस्था थी। लापरवाही देखिए 50 हजार से अधिक सत्संग प्रवचन सुन पहुंचे हुए थे, इसलिए सत्संग स्थल कैसे बना श्मशान घाट? उसकी असल सच्चाई सबके सामने है। सत्संग स्थलों पर यह न पहला हादसा है और न ही अंतिम? इससे पूर्व भी कई दर्दनाक हादसे हुए। लेकिन घटना हो जाने पर शासन से लेकर प्रशासन तक खलबली मच जाती है, पर जैसे ही मामले की तपिश कुछ शांत होती है, प्रशासन दूसरे हादसे का इंतजार करने लगता है। हाथरस का लोकल प्रशासन अगर वास्तव में थोड़ा भी अलर्ट होता। इतने श्रद्धालुओं को सत्संग में पहुंचने की इजाजत नहीं देता, तो सैकड़ों लोग बेमौत मरने से बच सकते थे। हादसा होते ही प्रवचन सुनाने वाला बाबा फरार हो गया। बाबा की हकीकत जाने तो वह कोई जन्मजात साधु या प्रवचनकर्ता नहीं है और न ही लंबे समय से इस क्षेत्र में है। आधी उम्र बीतने के बाद उसे प्रवचन सुनाने का शौक चढ़ा। करीब 26 वर्ष तक उन्होंने इंटेलिजेंट ब्यूरों में सामान्य कर्मचारी के तौर पर नौकरी की, नौकरी छोड़ने के बाद उसके अपना नाम बदला और 'विश्व हरि भोले' रख लिया। फिर कूद पड़ा आध्यात्मिक क्षेत्र में, बीते कुछ वर्षों में उन्होंने हिंदी पट्टी के राज्यों में लाखों की संख्या में अपने अनुयायी बनाए। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा व बिहार में उनके भक्तों की संख्या बहुतायत है। ग्रामीण स्तर की महिलाएं इनकी भक्त ज्यादा हैं। जाहिर सी बात महिलाएं जब कहीं जाती हैं तो अपने साथ छोटे बच्चों को जरूर ले जाती हैं। मंगलवार को भी कमोबेश कुछ ऐसा ही हुआ। सवाल उठता है सरकार-प्रशासन इस हादसे से कुछ सबक लेगा या फिर मुआवजा और सहानुभूति देकर मात्र मामला शांत करेगा। मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री और पक्ष-विपक्ष के नेता भी दुख प्रकट कर रहे हैं, करना भी चाहिए, घटना ही ऐसी, जो सुन रहा है उसके रोंगटे खड़े हो रहे हैं। घटना का दोषी समूचा स्थानीय प्रशासन है, उसकी लापरवाही से ही ये घटना घटी। घटना कैसे घटी ये जानना जरूरी है। प्रवचन सुनाने वाले बाबा की जब इंट्री हुई तो उसे करीब से देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उनके काफिले पर टूट पड़ी। अगर वहां दो-चार दर्जन सुरक्षाकर्मी तैनात होते तो ऐसी घटना शायद न घटती। वो भीड़ को नियंत्रित कर सकते थे, पर यहां सवाल एक ये भी उठता है कि आयोजकों ने पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए? भीड़ अगर ज्यादा थी तो प्रशासन से अपील करनी चाहिए थी। सैकड़ों श्रद्धालुओं के हताहत होने की खबर घटना के कुछ घंटों बाद ही सामने आ चुकी है। हताहतों की संख्या का बढ़ना भी अभी निश्चित है, क्योंकि सैकड़ों घायल श्रद्धालु विभिन्न अस्पतालों में गंभीर हालत में भर्ती हैं, लेकिन सत्संग स्थल कैसे समाधि स्थल बना इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। प्रदेश सरकार ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख तथा घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने का ऐलान कर दिया है। वहीं, केंद्र सरकार ने भी आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की है, लेकिन ये मुआवजा वह जख्म कभी नहीं भर सकता है, जो इस हादसे ने दिया है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, दोषी चाहे फिर आयोजक हों या प्रशासनिक अधिकारी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



संसद
उमेश चतुर्वेदी

# ...गरिमापूर्ण बना रहे लोकतंत्र

1999 के आम चुनाव में मधेपुरा सीट से शरद यादव के हाथों हारने के ठीक तीन साल बाद लालू यादव राज्यसभा पहुंचे। संसद के दोनों सदनों की एक परिपाटी रही है। जब भी कोई नया सदस्य बोलता है, पूरे सदन से उम्मीद की जाती है कि उससे टोका-टाकी ना हो, लेकिन नए सदस्य से भी उम्मीद की जाती है कि वह भी अपने भाषण में ऐसे मुद्दों को ना शामिल करे, जो विवादित हों। लालू यादव कहां मानने वाले थे। भाषण के शुरूआत के कुछ ही देर बाद वे उन सारे मुद्दों पर आ गए, जिन पर सदन में शोरशराबा होना लाजिमी था। राज्यसभा की तत्कालीन उपसभापति नजमा हेपतुल्ला ने लालू यादव के भाषण पर तत्काल रोक लगा दी थी।

वर्ष 1999 के आम चुनाव में मधेपुरा सीट से शरद यादव के हाथों हारने के ठीक तीन साल बाद लालू यादव राज्यसभा पहुंचे। संसद के दोनों सदनों की एक परिपाटी रही है। जब भी कोई नया सदस्य बोलता है, पूरे सदन से उम्मीद की जाती है कि उससे टोका-टाकी ना हो, लेकिन नए सदस्य से भी उम्मीद की जाती है कि वह भी अपने भाषण में ऐसे मुद्दों को ना शामिल करे, जो विवादित हों। लालू यादव कहां मानने वाले थे। भाषण के शुरूआत के कुछ ही देर बाद वे उन सारे मुद्दों पर आ गए, जिन पर सदन में शोरशराबा होना लाजिमी था। शोर बढ़ता देख राज्यसभा की तत्कालीन उपसभापति नजमा हेपतुल्ला आसन पर पहुंची, क्योंकि तब आसन कोई और संभाल रहा था। उन्होंने लालू यादव के भाषण पर तत्काल रोक लगा दी। उन्हें समझाया कि एक राज्य के मुख्यमंत्री रहे और एक पार्टी के अध्यक्ष से ऐसी असंसदीय परंपरा की उम्मीद नहीं की जा सकती। लालू यादव ने आसन की बात मानी और फिर उन्होंने अपना भाषण पूरा किया।

इसके बरक्स आज की संसद को हमें देखना चाहिए। हमने जिस संसदीय लोकतंत्र को स्वीकार किया है। वह एक तरह से ब्रिटेन की कॉपी है। ब्रिटेन की संसद में कई अच्छी परंपराएं हैं। जैसे संसद का कोई सदस्य किसी पर बिना किसी प्रमाण के आरोप नहीं लगा सकता। सांसद चाहे जिस भी पृष्ठभूमि या दल का हो, वह हवा-हवाई किसी पर आरोप नहीं लगाता। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में संसद को सबसे पवित्र दर्जा हासिल है। इसी पवित्रता बोध पर ही संसदीय परंपराएं निर्मित हुई हैं और उन्हें पल्लवित-पुष्पित किया गया है। देश चाहे जो भी हो, अगर वहां लोकतंत्र मजबूत बना हुआ है तो इसकी बड़ी वजह वहां की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में संसद के प्रति पावन भाव की बड़ी भूमिका है। संविधान सभा की बहसों से जब हम गुजरेंगे तो हमें पता चलेगा कि संविधान निर्माताओं ने अपनी संसद के प्रति भी ऐसा ही भाव रखा था। जिसका कमोबेश हर दल पालन करता रहा है, लेकिन हाल के कुछ वर्षों में संसद को पवित्र जगह मानने का भाव कमजोर हुआ है। कुछ राज्यों की विधानसभाएं अखाड़े में जरूर परिवर्तित होती रही हैं। तमिलनाडु की विधानसभा में जयललिता से हुई बदसलूकी और उत्तर प्रदेश की विधानसभा में हुई खुली मारपीट इसका उदाहरण हैं, लेकिन कुल मिलाकर हर विधानसभा से यही उम्मीद की जाती रही है कि उनके यहां भी पवित्रता बोध से भरी संसद जैसा ही बर्ताव होगा। शायद यही वजह है कि संसदीय कार्यवाही को लेकर खास तरह के आदरभाव की उम्मीद की जाती रही है। हाल के कुछ वर्षों में यह आदरभाव कम हुआ है। इसकी बड़ी वजह यह है कि आज की राजनीतिक पीढ़ी संसद को अपनी भड़ास निकालने और इस पूरी प्रक्रिया में अनर्गल प्रलाप करने का माध्यम तक मान चुकी है। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने इस सोच को एक कदम और आगे बढ़ा दिया। विधानसभा और राज्य का विषय भले ही न हो, लेकिन उस पर विचार के लिए विधानसभा बुला ली संसदीय विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए अनाप-शनाप बोला और आरोप लगा दिया। दिल्ली विधानसभा



की तमाम कार्यवाहियों के देखेंगे तो हर बार कुछ दिन ऐसे जरूर रहेंगे, जब सत्ता पक्ष, मुख्यमंत्री या मंत्री केंद्र सरकार, विपक्षी नेता पर आधारहीन आरोप लगाएगा।


राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान राहुल गांधी का भाषण भी अरविंद केजरीवाल मार्का राजनीति का विस्तार लगता है। दरअसल संसद या विधानमंडलों के सदस्यों को एक विशेषाधिकार हासिल है। संसद या विधानमंडल में बोलने या वहां किसी पर आरोप लगाने को लेकर किसी भी अदालत में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। केजरीवाल सरकार इसी विशेषाधिकार का इस्तेमाल करके बार-बार विधानसभा सत्रों में आरोप लगाती रही है। केजरीवाल बाहर रहते हुए भी खूब आरोप लगाते रहे। आधारहीन आरोपों को लेकर जब अरुण जेटली और नितिन गडकरी ने अदालती कार्यवाही की तो बिना शर्त माफी भी मांग ली। कई ऐसे और भी मामले रहे। इसी तरह राहुल गांधी भी जनसभाओं में आरोप लगाते रहे। ऐसे आरोपों को लेकर उन पर मामले भी चल रहे हैं। जिसमें एक रांची में भी चल रहा मामला है। ठाणे में भी उन पर मामला चल रहा है। राहुल गांधी से उम्मीद थी कि वे संसद में जो भी आरोप लगाएंगे, कम से कम उनके पास उनका ठोस आधार होगा। अगर वे ऐसा करते तो उनके कई आरोपों को संसदीय कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटाया नहीं जा सकता था। यह बात और है कि संसदीय कार्यवाही से उनके बयानों के कई अंशों को हटाने को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर आरोप लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि वे सरकार के दबाव में ऐसा कर रहे हैं। कांग्रेस की रणनीति है कि जनता यह मान लें कि राहुल गांधी ने जो किया है, वही सही है। जनता का एक वर्ग इसे मान भी लेगा। सोशल मीडिया के दौर में ऐसा संभव भी है। आज पृष्ठभूमि की तह तक जाने का लोगों के पास वक्त नहीं है। सोशल मीडिया ने हमें तात्कालिक सूचनाओं को ही समूचा ज्ञान मानने की प्रक्रिया का सफल अंग बना दिया है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब पारंपरिक तौर पर प्रधानमंत्री देता है। प्रधानमंत्री के जवाब के वक्त जिस तरह लगातार टोकाटाकी हुई, वह भी संसदीय परंपरा का खुला उल्लंघन है। संसदीय परंपरा है कि जब प्रधानमंत्री बोल रहा हो तो दूसरा सदस्य तब बोलेगा, जब प्रधानमंत्री उसे मौका देते हुए अपनी सीट पर बैठ जाएं। अगर प्रधानमंत्री खड़ा है तो मतलब है कि सदन को उसे सुनना है। अगर सदन को किसी बात पर आपत्ति है तो सदस्य बाद में प्रधानमंत्री से स्पष्टीकरण मांग सकते हैं। इस संदर्भ में अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते वक्त लोकसभा का एक किस्सा याद आ रहा है। गुजरात से जुड़े एक मसले पर चर्चा के दौरान जब प्रधानमंत्री वाजपेयी ने हस्तक्षेप किया तो गुजरात के एक कांग्रेसी सांसद ने टोकाटाकी शुरू कर दी। उनकी टोकाटाकी से परेशान वाजपेयी यह कहते हुए बैठ गए कि अब आप ही बोलिए, प्रधानमंत्री नहीं बोलेगा। अटल के बैठते हुए पूरी सदन में जैसे सन्नाटा छा गया। इसके बाद प्रियरंजन दास मुंशी अपनी सीट पर खड़े होकर बताने लगे कि अटल जी भाषण क्यों नहीं देंगे। ऐसे में जिस कांग्रेसी सांसद ने वाजपेयी को टोक-टोक कर परेशान किया था, शर्मिंदा हो गए और वाजपेयी से माफी मांगी। उसके बाद प्रधानमंत्री अपनी सीट पर खड़े हुए और तत्कालीन चर्चा पर विपक्ष की बखिया उधेड़ दी। मंत्रियों का जोरदार बचाव किया।

ये संसदीय परंपरा बहुत पुरानी बात नहीं है। सवाल यह है कि क्या आज के सांसद और विशेषकर नेता प्रतिपक्ष जैसे अहम सांसद भी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे? सदन में जो बोला जा रहा है, चाहे जितना भी ताकतवर सांसद हो, वैसा सदन के बाहर बोले तो उसके खिलाफ मुकदमों की बौछार हो सकती है। संसदीय परंपराओं की महानता को हम बचाकर नहीं रखेंगे तो इसके संदेश बेहद खराब होंगे। लोग और वोटर फिर संसद को क्यों गंभीर मानेंगे। इससे संसद की गरिमा का पतन होगा और अंततः इससे लोकतंत्र कमजोर होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# ऐसी है ईश्वर के नाम की महिमा!



संकलित
दर्शन

ईश्वर के नाम का जप अनोखे आनंद को जन्म देता है। इसका वर्णन करना कठिन ही नहीं, असंभव भी है। भगवन्नाम हमारे अंदर एक प्रकार की अलौकिक शक्ति भर देता है। वह हमारे स्वभाव में आश्चर्यजनक परिवर्तन कर देता है। वह मनुष्य को देवताओं के समान गुणों से अलंकृत कर देता है। वह हमारे पुराने पापों, वासनाओं, संकल्पों, संदेह तथा अनेक प्रकार की मलिन चित्त-वृत्तियों को नष्ट कर देता है। जिस प्रकार अग्नि में जलने योग्य प्रत्येक वस्तु को जला देने की स्वाभाविक शक्ति है। उसी प्रकार ईश्वर के नाम में भी पाप, मलिन-वृत्ति और वासना को जलाने के साथ अनंत, आनंद और अमर शांति प्रदान करने की भी शक्ति है। जैसे दावाग्नि में वृक्ष, काष्ठादि को जलाने की शक्ति स्वाभाविक है। उसी प्रकार ईश्वर के नाम में पाप-रूपी वृक्ष को उसकी जड़ और शाखाओं सहित जला डालने की अद्भुत और स्वाभाविक शक्ति है। ईश्वर का नाम भाव-समाधि द्वारा भक्त को ईश्वर से मिला देता है। हे मनुष्य! ईश्वर के नाम की शरण में जा। निरंतर ईश्वर का नाम जपा कर। प्रत्येक श्वास के साथ ईश्वर के पवित्र नामों का उच्चारण कर। इस कराल कलिकाल में ईश्वरत्व तक पहुंचने के लिए नाम-स्मरण अथवा जप सबसे अधिक सुगम, शीघ्र, सुरक्षित और निश्चित मार्ग है। यह अमरत्व और अनंत आनंद का दाता है। हे परमात्मन, तेरी और तेरे नाम की महिमा अपरम्पार है। तुम गणिका पिंगला की कहानी तो जानते ही होंगे। वह भी राम का नाम लेने से कितनी जल्दी एक साध्वी बन गई थी।

# बुराइयों का कारण जाने बिना उससे मुक्ति नहीं



संकलित
प्रेरणा

हर रोज की तरह एक दिन भगवान बुद्ध सुबह भिक्षुओं की सभा में आए। सभा में प्रतीक्षा कर रहे उनके शिष्य यह देखकर चकित हुए कि बुद्ध पहली बार अपने हाथ में कुछ लेकर आए हैं। वह हमेशा खाली हाथ आते हैं। लेकिन आज उनके हाथ में कपड़े का एक टुकड़ा था। सभी शिष्य यह देखकर समझ गए कि आज कोई विशेष प्रयोजन है। बुद्ध अपने आसन पर आकर बैठ गए। उन्होंने किसी से कुछ नहीं कहा और कपड़े के टुकड़े में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर पांच गांठें लगा दीं। सब शिष्य इंतजार कर रहे थे कि बुद्ध अब क्या कहेंगे। बुद्ध ने वहां उपस्थित अपने सभी शिष्यों से पूछा कि क्या कोई मुझे बता सकता है कि क्या यह कपड़े का वही टुकड़ा है, जो गांठें लगने से पहले था। शारिपुत्र ने कहा, 'एक प्रकार से तो यह कपड़े का टुकड़ा वही है क्योंकि इसमें किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है। लेकिन दूसरी तरह से देखें तो पहले इस कपड़े में पांच गांठें नहीं थीं। इस नजरिये से यह पहले जैसा नहीं रहा। यद्यपि इसकी मूल प्रकृति अपरिवर्तित है। इसका केवल बाहरी रूप बदला है। बाकी सब कुछ वही है।' बुद्ध ने शारिपुत्र से सहमति जताते हुए कहा कि तुम सही कह रहे हो। अब मैं इन गांठों को खोल देता हूं। यह कहकर बुद्ध उस कपड़े के दोनों सिरों को पकड़ कर खींचने लगे। उन्होंने शारिपुत्र की ओर देखते हुए पूछा कि क्या तुम्हें लगता है कि मैं इस प्रकार इनकी गांठों को खोल पाऊंगा। शारिपुत्र ने कहा, 'नहीं तथागत, इस प्रकार तो यह गांठें और कस जाएंगी। इस प्रकार यह कभी नहीं खुलेंगी।' बुद्ध ने कहा, 'ठीक है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मजदूरों को सेवानिवृत्ति के बाद मिले पेंशन

हर साल मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कई प्रोग्राम होते हैं, लेकिन मजदूरों की वास्तविक स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। कारण यह है कि उन्हें मेहनत के अनुसार पगार नहीं मिलती है। इसलिए मजदूरों को उनके बुढ़ापे में सरकार की ओर से प्रति माह 15,000 हजार रुपए की पेंशन दी जानी चाहिए। इससे सरकारी कोष पर कुछ बोझ जरूर पड़ेगा, लेकिन जब कुछ राज्यों में सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस दी जा सकती है, तो मजदूरों के कल्याण के लिए सरकारों को यह बोझ भी वहन कर लेना चाहिए। इससे मजदूरों को बुढ़ापे की जो चिंता होती है, वह खत्म हो जाएगी और उनके चेहरों पर मुस्कान फैलेगी।

*-गज्जू राम साहू*

## ट्रेंड

### ईवीएम से कांग्रेस का बैर



डॉ.भीमराव अंबेडकर जब 1952 का चुनाव लड़ने गए तब नेहरू ने उनके खिलाफ प्रचार किया! उस चुनाव में 'डॉ.अंबेडकर जी 14 हजार वोट से हारे और आश्चर्यजनक रूप से 78 हजार वोट अमान्य किए गए!' तो 'ईवीएम से कांग्रेस का बैर और बैलेट पेपर से कांग्रेस का प्यार पुराना है।'

**-जेपी नडडा, केंद्रीय मंत्री**

### खुद को याद दिलाएं



अगर आप चाहते हैं कि आपका रिश्ता चले, और खूब चले तो इसके लिए आवश्यक है कि खुद को लगातार यह याद दिलाएं कि दूसरा आपसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। सत्य छिपा नहीं है-आप उससे छिप रहे हैं

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### इसलिए वाकआउट किया



इंडिया गठबंधन ने इसलिए वाकआउट किया क्योंकि मोदी झूठ बोल रहे थे। वे कहते हैं कि हम संविधान के विरोध में हैं, सच्चाई यह है कि बीजेपी आरएसएस, जनसंघ और उनके राजनीतिक पुरखों ने भारत के संविधान का विरोध किया था।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### दो तरह के शिक्षा मॉडल



इस देश में दो तरह के शिक्षा मॉडल हैं। पहला मॉडल, अरविंद केजरीवाल मॉडल, का लक्ष्य बेहतर शिक्षा और उज्जवल भविष्य प्रदान करना है। दूसरा प्रकार शिक्षा-परीक्षा माफिया है जो बड़े पैमाने पर पेपर लीक और बेरोजगारी को बढ़ावा देता है।

**-राघव चड्ढा, आप सांसद**

## करंट अफेयर

### विश्व हरि बाबा के मैनपुरी आश्रम की कड़ी सुरक्षा



हाथरस के सिकन्दराराऊ में विश्व हरि बाबा भोलेनाथ के सत्संग के बाद उनकी चरण धूलि लेने के लिये दौड़ी भीड़ में भगदड़ मचने की घटना के बाद बाबा के मैनपुरी स्थित आश्रम के बाहर कड़े सुरक्षा बंदोबस्त कर दिये गये हैं। भगदड़ कांड के बाद मैनपुरी के बिछवां कस्बे में स्थित भोले बाबा के आश्रम के बाहर कड़ा सुरक्षा घेरा बनाया गया है। आश्रम के बाहर कई थानों की पुलिस मौजूद है और आश्रम के अंदर मीडिया सहित किसी को भी दाखिल होने की इजाजत नहीं दी जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि हाथरस में भगदड़ कांड के बाद से बिछवां स्थित विश्व हरि बाबा भोलेनाथ के आश्रम में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। इस सवाल पर कि क्या बाबा आश्रम में मौजूद हैं, सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया। हालांकि खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि बाबा भोलेनाथ आश्रम के अंदर हैं। उनकी सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस बल तैनात किया गया है। गौरतलब है कि हाथरस के फुलरई गांव में विश्वहरि बाबा भोलेनाथ द्वारा आयोजित सत्संग के दौरान मंगलवार को मची भगदड़ में 121 लोगों की हो गई थी। मरने वालों में ज़्यादातर महिलाएँ हैं। अधिकतर श्रद्धालुओं की दम घुटने से मौत हुई और लोग एक-दूसरे के ऊपर ढेर होते गए।

## ऑफ बीट

### 10 भारतीय भाषाओं में 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' विजेताओं की घोषणा




न्यू इंडिया फाउंडेशन (एनआईएफ) ने तमिल, गुजराती, हिंदी और उर्दू में 2024-25 के लिए एनआईएफ 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' के विजेताओं की बुधवार को घोषणा की। एनआईएफ 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' 10 भारतीय भाषाओं असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मराठी, मलयालम, उड़िया, तमिल और उर्दू के कथेतर रचनाओं के अनुवाद के लिए प्रदान किया जाता है। फाउंडेशन ने एक बयान में बताया कि प्रत्येक विजेता को छह महीने के लिए यह फेलोशिप दी जाती है और इस अवधि में छह- छह लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है। फेलोशिप प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को 1850 के बाद प्रकाशित ऐतिहासिक भारतीय भाषा की रचनाओं का अंग्रेजी में अनुवाद करना होता है। एनआईएफ फेलोशिप के अध्यक्ष श्रीनाथ राघवन ने एक बयान में कहा, 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' का उद्देश्य भारतीय भाषाओं में भारत के बारे में रची गई कथेतर रचनाओं का अंग्रेजी में अनुवाद करना है, जिससे इन महत्वपूर्ण रचनाओं को ज्यादा से ज्यादा पाठक वर्ग तक पहुंचाया जा सके। विजेताओं को संपादकीय और वित्तीय सहायता के साथ-साथ एनआईएफ के न्यासियों, द्विभाषी विद्वानों और लेखकों से बनी भाषा विशेषज्ञ समिति के साथ काम करने का अवसर भी मिलेगा।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI
NEXA
EXTEND YOUR PEACE OF MIND.
AVAIL 5 YEARS EXTENDED WARRANTY
ON THE GRAND VITARA STRONG HYBRID.
5 YEARS WARRANTY
2 YEARS + 3 EXTENDED YEARS
STRONG HYBRID
GRAND VITARA
1200+ km IN ONE FULL TANK#
INTELLIGENT ELECTRIC HYBRID
PANORAMIC SUNROOF
VENTILATED SEATS
6 AIRBAGS
EV MODE
WIRELESS SMARTPLAY PRO+
DIGITAL MULTI-INFORMATION DISPLAY
NEXA Safety Shield
Standard Across All Variants
SUZUKI-TECT BODY
DUAL FRONT AIRBAGS
ESP
SEAT BELT PRE-TENSIONERS WITH FORCE LIMITERS
ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
COMPLIANT WITH -
FULL FRONTAL IMPACT
FRONTAL OFFSET IMPACT
SIDE IMPACT
Features and accessories shown may not be a part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.
"VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO GET EXCITING OFFERS UP TO ₹ 1 00 000*"
Know more about the Advanced Grand Vitara
Scan to chat on WhatsApp
RAIPUR: NEXA ONE RING ROAD (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774),
NEXA MAGNETO (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160),
NEXA VIDHAN SABHA ROAD (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047),
BHILAI: NEXA SUPELA (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824),
DURG: NEXA DURG BYPASS (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302),
JAGDALPUR: NEXA JAGDALPUR (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).
Contact us at 1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA] and visit www.nexaexperience.com to book online.
8 YEAR WARRANTY ON THE BATTERY^
Maruti Suzuki offers warranty of 8 years on Strong Hybrid battery.
*Terms & conditions apply. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to owner's manual. #Fuel efficiency as certified by test agency under rule 115 of CMVR 1989, with Fuel Tank capacity of 45L, range is 1258.65 km (45L x 27.97km/l) under standard test conditions. Results may differ depending on actual driving, road, and other conditions. Car model and accessories shown may vary from the actual product and car colour may vary due to printing on paper. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Offers applicable for Zeta+ and Alpha+ variants of Grand Vitara only. All offers are applicable till 07th July'24 or till stocks last. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. ^Maruti Suzuki offers warranty of ninety six (96) months or 1,60,000 kilometers (whichever occurs first) for Hybrid Electric Vehicle (HEV) battery from the date of invoice to the first owner.



# कैटरेक्ट के शुरुआती लक्षणों को ना करें इग्नोर

कैटरेक्ट में आंखों के नेचुरल लेंस में क्लाउडिंग होने लगती है। इसकी वजह से स्पष्ट रूप से देखने में कठिनाई होती है। लापरवाही से गंभीर दृष्टि दोष और अंधापन भी हो सकता है। ऐसे में समय रहते उपचार आवश्यक है।

प्रिकॉशन
डॉ. संजीव तनेजा
नेत्र रोग विशेषज्ञ
अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, नई दिल्ली

मोतियाबिंद या कैटरेक्ट, आंखों की एक आम समस्या है। अगर समय रहते इसका इलाज ना किया जाए तो यह समस्या गंभीर दृष्टिदोष और अंधेपन का कारण बन सकती है। इसके कारण आंखों के लेंस में धुंधलापन आ जाता है, जिससे दृष्टि पर बुरा असर पड़ता है। अकसर मोतियाबिंद की समस्या, बढ़ती उम्र के लोगों में देखने को मिलती है। लेकिन अब यह समस्या केवल वृद्ध लोगों में ही नहीं बल्कि 40 से 50 वर्ष की आयु के लोगों में भी देखी जाती है। धुंधलेपन के कारण कई लोगों में पढ़ना, लिखना, टीवी देखना, गाड़ी चलाना और अन्य कई दैनिक गतिविधियों में बाधा आने लगती है। इसलिए आंखों में धुंधलेपन की समस्या हो तो तुरंत किसी नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है।



**रोग का कारण:** उम्र का बढ़ना मोतियाबिंद का प्राथमिक कारण है। उम्र बढ़ने के साथ, आंख के लेंस में मौजूद प्रोटीन आपस में मिलकर मोतियाबिंद की परत बना देते हैं। समय के साथ जैसे-जैसे मोतियाबिंद बढ़ता है, लेंस ज्यादा अपारदर्शी या धुंधला हो जाता है। इससे व्यक्ति की दृष्टि कमजोर हो सकती है। यह आमतौर पर धीरे-धीरे विकसित होता है। हालांकि इसकी दर सभी व्यक्तियों में अलग-अलग हो सकती है। उम्र के अलावा मधुमेह, धूम्रपान, शराब, लंबे समय तक धूप में रहने और दवाओं के अधिक सेवन के कारण भी कैटरेक्ट का खतरा बढ़ता है।

**मोतियाबिंद के लक्षण:** आंखों में धुंधलापन, कम रोशनी में देखने में दिक्कत होना, तेज रोशनी के प्रति संवेदनशीलता, स्पष्ट रूप से देखने में कठिनाई, रंग फीका या पीला दिखाई देना, ये कैटरेक्ट के प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं।

**उपचार का तरीका:** मोतियाबिंद के निदान की पुष्टि करने के लिए व्यापक नेत्र परीक्षण करवाना जरूरी है। कैटरेक्ट का पता चलते ही उपचार शुरू करना चाहिए क्योंकि इस स्थिति की उपेक्षा करने से आगे और जटिलताएं हो सकती हैं, जिससे सर्जरी मुश्किल हो सकती है। इससे रिकवरी और उपचार बहुत धीमा हो सकता है। मोतियाबिंद के परिपक्व होने या पकने का इंतजार करने से ना केवल आपकी दृष्टि लंबे समय तक प्रभावित होगी, बल्कि सर्जरी और रिकवरी में भी अधिक समय लग सकता है। प्रभावित लेंस को हटाने या बदलने के लिए सर्जरी जैसे तत्काल उपचार के बिना, कैटरेक्ट परमानेंट विजन लॉस का कारण बन सकता है। शुरुआती मोतियाबिंद के लक्षणों को चश्मे का उपयोग करके या चश्मे की पावर बदलकर प्रबंधित किया जा सकता है। सर्जरी, धुंधले लेंस को हटाने और डॉक्टर द्वारा सुझाए गए कृत्रिम लेंस लगाने में मदद करती है। कैटरेक्ट, को हटाने की आवश्यकता तब होती है, जब दृष्टि हानि के कारण आपके लिए पढ़ना और गाड़ी चलाना जैसी गतिविधियां करना मुश्किल हो जाता है।

**बरतें सावधानी:** मोतियाबिंद से बचाव के लिए आप अपनी जीवनशैली में कुछ बातों पर अमल कर सकते हैं। धूप का चश्मा पहनें, धूम्रपान छोड़ें, हरी पत्तेदार सब्जियां और एंटीऑक्सीडेंट्स युक्त खाद्य पदार्थ जैसे गाजर, जामुन, केला, खुबानी, कद्दू और नट्स आदि का सेवन करें। इससे आंखों को स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही नियमित रूप से आंखों की जांच करवाते रहने से कैटरेक्ट के शुरुआती लक्षणों को पहचान कर उपचार कराया जा सकता है। *


प्रस्तुति: सेहत डेस्क

डॉक्टर एडवाइस
डॉ. मोहसिन वली
जनरल फिजीशियन
सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली

बारिश के मौसम में माइक्रोब्स से संक्रमण की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। खासतौर पर पाचन संबंधी समस्याएं अधिक होती हैं। इनसे बचाव के लिए आपको अपने खान-पान में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। कौन सी हैं वो सावधानियां, यहां बता रहे हैं विस्तार से।

# तब बारिश के मौसम में पाचन-तंत्र रहेगा सही





हर मौसम के अनुकूल खान-पान हमारी सेहत के लिए फायदेमंद है। खासकर बारिश के मौसम में यह काफी मायने रखता है। इस मौसम में अधिकतर लोगों के लिए हेल्दी और फिट रहना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। नमी और उमस भरे वातावरण से हवा में कई तरह के वायरस और बैक्टीरिया पनपते हैं, जो ध्यान ना देने पर खाद्य पदार्थों को विषाक्त कर देते हैं। ऐसी चीजों के सेवन से ये कीटाणु, शरीर मे पहुंच जाते हैं। इससे पाचन तंत्र गड़बड़ा जाता है और प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। इससे अपच, दस्त, पेचिश, हैजा, आंत्र शोथ जैसी पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में मानसून के सुहाने मौसम को आप खुलकर एंजॉय करना चाहते हैं, तो अपने खान-पान और रहन-सहन का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। सही खान-पान जहां आपको फिट और हेल्दी रहने में अहम भूमिका निभाता है, वहीं रहन-सहन की अच्छी आदतें, कई तरह के संक्रमणों से बचाव करती हैं।

**खान-पान में बरतें सावधानी:** बरसात के मौसम में बीमारियों से बचने के लिए, हेल्दी डाइट लेनी चाहिए। बाहर का खाना खाने के बजाय, घर का बना ताजा खाना ही खाना चाहिए। घर पर बना हुआ खाना भी 3 घंटे से ज्यादा देर से अगर रखा है, तो खाने से बचना चाहिए। क्योंकि इस मौसम में खाने में बैक्टीरिया तेजी से विकसित होते हैं, जो पेट संबंधी इंफेक्शन की बड़ी वजह बनते हैं।

**लाइट फूड लें:** इस मौसम में पूरे दिन में 3 हैवी मील में भरपेट भोजन करने के बजाय तकरीबन 2 घंटे के अंतराल पर लाइट मील्स लें। इसमें फ्रूट्स, ड्राई फ्रूट्स, स्नैक्स, सूप जैसे हल्के और पौष्टिक आहार लें। ध्यान रखें कि भूख हो, तभी खाएं। वरना अपच, पेट में संक्रमण और पीलिया जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है।



**हल्का-सुपाच्य भोजन करें:** बरसात के मौसम में हल्का, सुपाच्य, संतुलित आहार का सेवन करें। गेंहू, मक्का, जौ, बाजरा जैसे साबुत सूखे अनाज और मूंग, चना जैसी दालों को शामिल करना बेहतर है। प्रोटीन, लौह और मैगनीशियम युक्त इन खाद्य पदार्थों के सेवन से वॉटर रिटेंशन कम होता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली में सुधार होता है।

**फल-सब्जियां:** अपने आहार में मौसमी फल-सब्जियों को ज्यादा से ज्यादा शामिल करें। घिया, तोरई, टिंडा, भिंडी, फ्रेंच बींस जैसी हल्की और सुपाच्य सब्जियों का सेवन करें। करेला, मूली जैसी कड़वी तासीर वाली सब्जियां संक्रमण से बचाती हैं। ताजे फलों का ही सेवन करें। जामुन, मौसंबी, अमरूद, आंवला, नाशपाती, आलू बुखारा, पपीता जैसे विटामिन-सी से भरपूर फल शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकालने और संक्रमण से बचाव कर हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। मुरझाए हुए, दागी, कटे-फटे या ढीले-गले हुए फल खाने से बचें, क्योंकि ऐसे फल विषाक्त हो जाते हैं और आपकी पाचन प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। विषाक्त फल खाने से बचने के लिए छीलकर खाएं। इस मौसम में तरबूज, खरबूजा जैसे जलीय फल ना खाएं। नम प्रकृति के कारण इनमें बैक्टीरिया होने की संभावना अधिक होती है।

**उपयोगी मसाले:** इस दौरान अपने भोजन में अदरक, लहसुन, पुदीना, धनिया, काली मिर्च, हल्दी, हींग, मेथी दानों, जायफल, तुलसी, बड़ी इलायची, सौंफ, अजवायन, करी पत्ता जैसे मसालों का उपयोग करें। ये पाचन शक्ति बढ़ाने में उपयोगी हैं।

**प्रोबायोटिक फूड:** गट में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाने के लिए प्रोबायोटिक फूड्स को आहार में शामिल करें। इसके लिए घर पर बने दही और सेंधा नमक, अजवायन, जीरा मिलाकर नमकीन लस्सी का सेवन कर सकते हैं। ध्यान रखें कि दही फ्रिज में रखा ठंडा ना हो। खाने से करीब 15 मिनट पहले फ्रिज से बाहर निकाल लें।



**पिएं स्वच्छ-शुद्ध पानी:** इस मौसम में पेयजल की शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। घर में चाहे एक्वागार्ड या आरओ लगा हो या जल बोर्ड का पानी आता हो। बेहतर होगा कि पानी को कम से कम 2-3 मिनट तक उबालें। ठंडा होने पर छानकर ही इस्तेमाल करें। या फिर 20 लीटर पानी में 500 मिलीग्राम क्लोरीन की गोली मिलाकर पानी साफ करें। तांबे या चांदी के बर्तन में पानी पीना फायदेमंद है। इससे कीटाणुओं का नाश होता है और पानी भी स्टर्लाइज होता है। कोशिश करें, फ्रिज का ठंडा पानी इस मौसम में ना पिएं।

**सूप-काढ़ा है फायदेमंद:** शरीर को डिटॉक्स करने के लिए इस मौसम में लिक्विड डाइट अधिक लें। वेजिटेबल सूप, अदरक, तुलसी, काली मिर्च की चाय या काढ़ा जैसे पेय लें। हर्बल या ग्रीन टी, कॉफी जैसे गर्म पेय और रात को सोने से पहने गोल्डन मिल्क या हल्दी वाला गर्म दूध भी ले सकते हैं। इनमें मौजूद विटामिंस और मिनरल्स बारिश के मौसम में आपकी इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं।

**रखें साफ-सफाई:** भोजन बनाते समय सफाई का विशेष ध्यान रखें। बाजार से लाए गए फल-सब्जियों को नमक मिले गुनगुने पानी या सिरका मिले पानी से अच्छी तरह धोने के बाद ही इस्तेमाल करें। ताकि इनमें मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया खत्म हो सकें और हमारे स्वास्थ्य को किसी तरह का नुकसान ना हो। इस मौसम में संक्रमण से बचने के लिए हाइजीन का खास ख्याल रखें। छींकने-खांसने के बाद, खाना पकाने से पहले और भोजन करने से पहले हाथों को साबुन और पानी से साफ करें। वॉशरूम यूज करने के बाद या फिर बाहर से घर में आने पर हाथों को जरूर धोएं। *

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा

**इनसे करें परहेज**

**बारिश के** मौसम में पकौड़े और समोसे आदि खाने में बहुत मजा आता है लेकिन इनकी वजह से ब्लोटिंग यानी पेट फूलने की समस्या हो सकती है। ऑयली या फ्राइड फूड्स खाने के बजाय ग्रिल्ड और तंदूरी आहार खाएं। ऑयल कम इस्तेमाल होने के कारण इनके सेवन से पाचन संबंधी समस्याएं कम होती हैं। फ्राइड खाना बनाने के लिए सरसों, मूंगफली और तिल जैसे हैवी ऑयल के बजाय सोयाबीन, ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करें। हैवी ऑयल पित्त बढ़ाने के अलावा शरीर को कमजोर बनाते हैं। बरसात के मौसम में इंफेक्शन से बचने के लिए आइसक्रीम, कुल्फी, जूस, मिल्क शेक जैसी ठंडी चीजों के सेवन से बचें। इनके अलावा मीट, मछली, चिकन जैसे मांसाहारी पदार्थों से भी परहेज करें। इनमें बैक्टीरिया बहुत जल्दी पनपते हैं। बहुत जरूरी हो तो पकाने से पहले अच्छी तरह साफ करें और पूरी तरह पके हुए नॉनवेज ही खाएं।

हर्बल जोन / रेखा देशराज

# स्वादयुक्त-स्वास्थ्यवर्धक सोया



हालांकि सोया को स्वादिष्ट भाजी के रूप में अधिकतर स्थानों पर खाया जाता है, लेकिन इसका हर हिस्सा स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। इसकी वजह इसमें मौजूद पौष्टिक तत्व होते हैं। 100 ग्राम सोया में 43 कैलोरी पाई जाती हैं। इसमें 1.1 ग्राम वसा होता है, 0 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है, 61 मिलीग्राम सोडियम, 738 मिलीग्राम पोटैशियम, 7 ग्राम कार्बोहाइड्रेट और 3.5 ग्राम प्रोटीन पाई जाती है। पौष्टिकता से भरपूर इन तत्वों के कारण सोया (एनेथम ग्रेवोलेंस) को स्वास्थ्यवर्धक बूटी माना जाता है। इसके पौधे की ऊंचाई आमतौर पर 16 से 24 इंच होती है। कुछ प्रजातियों की ऊंचाई 4 से 8 इंच तक ही होती है। सोया के पौधे में पीले और सफेद रंग के फूल आते हैं और इन्हीं फूलों के अंदर बाद में बीज बनते हैं। सोया की सूखी पत्तियां भी जड़ी-बूटी के रूप में इस्तेमाल होती हैं। इसकी सब्जी खाने से मेटाबॉलिज्म में सुधार होता है। ब्लोटिंग की समस्या नहीं होती और पेट में एसिडिटी और गैस से छुटकारा तो मिलता ही है।

**बीज भी होते हैं फायदेमंद:** सोया को अंग्रेजी डिल कहते हैं। इसके बीज भी ना सिर्फ स्वादिष्ट बल्कि अनगिनत पौष्टिक तत्वों से भरे होते हैं। इसलिए आयुर्वेद में सोया की पत्तियों और इसके बीजों को औषधियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। ये पाचन क्रिया में सुधार करते हैं, प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं, रक्तचाप को नियंत्रित करते हैं। आजकल शहरों में ज्यादातर लोग अपनी बेतरतीब लाइफस्टाइल के कारण खराब पाचन तंत्र से परेशान रहते हैं। सोया के बीज इस समस्या से छुटकारा दिलाते हैं। इसके बीज गैस, एसिडिटी और कब्ज जैसी सामान्य समस्याओं से छुटकारा दिलाते हैं। ये हमारी हड्डियों को भी मजबूत बनाते हैं। दरअसल सोया के बीजों में भरपूर मात्रा में कैल्शियम होता है, जिससे हड्डियों के घनत्व को ये बचाकर रखते हैं। इम्यूनिटी बूस्टर के रूप में भी सोया के बीजों की ख्याति है। साथ ही ये डायरिया जैसी बीमारी में भी कारगर हैं, क्योंकि इसके बीजों में फ्लेवोनोइड्स और मोनोटेरपीन पाया जाता है, ये दोनों ही चीजें शक्तिशाली एंटीबैक्टीरियल एजेंट का काम करती हैं। अगर कोई व्यक्ति अनिद्रा से पीड़ित है तो उसे भी सोया के बीज फायदा पहुंचाते हैं, क्योंकि इसके बीजों में विटामिन-बी होता है, जो शरीर को आराम देता है और नींद में मददगार होता है। जिन लोगों के मुंह से दुर्गंध आती हो, मितली उल्टी की समस्या हो, उनके लिए भी यह एक बेहतरीन घरेलू उपचार है। हाई ब्लड प्रेशर की समस्या में भी सोया फायदेमंद है। लेकिन ध्यान रखें कि बिना किसी अनुभवी वैद्य या आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह के सोया के बीज ना खाएं, क्योंकि इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। *

योगोपचार
दिव्यज्योति 'नंदन'

# स्वस्थ दिमाग के लिए नियमित करें भुजंगासन



हालांकि हर आसन का शरीर पर बहुत लाभदायक प्रभाव पड़ता है। लेकिन कुछ आसन ऐसे हैं, जिनके अभ्यास से अनेक शारीरिक लाभों के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। भुजंगासन ऐसा ही आसन है। इसकी विधि और लाभों के बारे में जानिए।

योग से मानसिक-शारीरिक दोनों स्वास्थ्य बेहतर होते हैं। जहां तक योग से अपने मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने की बात है, तो इसमें कोबरा पोज या भुजंगासन विशेष रूप से फायदेमंद हैं। चूंकि यह आसन करने से रक्तप्रवाह बढ़ता है और दिमाग की कार्यक्षमता में सुधार होता है। इसलिए भुजंगासन, मानसिक स्वास्थ्य के लिए सबसे शानदार माना जाता है। हालांकि भुजंगासन के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योग गुरु उत्तानासन योग के नियमित अभ्यास का भी सुझाव देते हैं।

**आसन की विधि:** भुजंगासन करने का सही तरीका यह है कि किसी समतल और शुद्ध हवा वाली जगह पर चटाई या अपना योगा मैट बिछाकर सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं। इसके बाद अपनी हथेलियों को कंधे की चौड़ाई से अलग जमीन पर रखें और दोनों पैरों के तलवों को ऊपर की ओर रखें। साथ ही अब पैरों के अंगूठों को आपस में मिलाएं। इस दौरान खूब गहरी सांसें लें और धीरे-धीरे सिर को ऊपर उठाएं। सिर को ऊपर उठाने के साथ गर्दन को भी ऊपर उठाएं और फिर सीने को और फिर पेट को क्रमशः धीरे-धीरे ऊपर उठाने की कोशिश करें।

शुद्ध रूप से भुजंगासन करने की कसौटी यह है कि जब हम सिर और गर्दन धीरे-धीरे ऊपर उठाते हैं और फिर छाती से लेकर पेट तक को क्रमशः ऊपर उठाते चले जाते हैं, तो सिर से नाभि तक के हिस्से को ही आसन के दौरान ऊपर उठाना चाहिए। जबकि नाभि के नीचे से पैरों की उंगुलियों तक का भाग जमीन से बिल्कुल सटा रहना चाहिए। जब शरीर के अग्र भाग को ऊपर उठाएं तो इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ये दोनों बाजुओं के सहारे ही ऊपर उठें। इस दौरान कोहनियां नहीं मुड़ी होनी चाहिए।

**ऊपर की ओर देखने की कोशिश:** भुजंगासन करते हुए लगातार ऊपर की ओर देखने की कोशिश करनी चाहिए। लेकिन हां, जितनी देर आसानी से हो सके, ऊपर की ओर उतनी ही देर देखने की कोशिश करनी चाहिए। अगर ज्यादा देर तक ऊपर की ओर देखना संभव ना हो तो जबरदस्ती कोशिश नहीं करनी चाहिए। गहरी सांसें लें और फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए पहले पेट, फिर छाती और सबसे बाद में सिर को भी वापस जमीन पर ले आएं।

**और भी हैं फायदे:** भुजंगासन का अभ्यास करने के फायदे और भी बहुत हैं। जैसे- नियमित रूप से यह आसन किए जाने से कंधों की जकड़न और पेट की चर्बी का नामो-निशान नहीं रहता। सांसों से संबंधित समस्याएं दूर होती हैं और शरीर अच्छी तरह से डिटॉक्स हो जाता है। इसके अलावा हमारा पाचन बेहतर होता है, लिवर मजबूत होता है, किडनी को अपने कार्य करने में आसानी होती है। इससे किडनी की कार्यक्षमता बेहतर होती है। यह आसन विशेषकर रीढ़ की हड्डी के लिए भी रामबाण होता है। छाती और फेफड़ों को, कंधों और पेट की मांसपेशियों के लिए भी यह बहुत लाभदायक है।

**ये लोग ना करें:** गर्भवती महिलाओं, मेरूदंड के रोग से पीड़ित, हर्निया, अल्सर या कोलाइटिस जैसी बीमारियों से ग्रस्त लोगों को इस को इस आसन से दूर रहना चाहिए। *

**रखें ध्यान**

**भुजंगासन देखने** में भले सरल आसन लगता हो, लेकिन यह काफी सख्त आसन है। भुजंगासन करते समय शरीर को अपनी शारीरिक क्षमताओं के मुताबिक ही तानें, क्योंकि शरीर को बहुत ज्यादा मोड़ना भी हानिकारक हो सकता है, खासकर तब जब ऐसा करने में दिक्कत हो। भुजंगासन सही से करते समय इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि इस दौरान कोहनियां बंद ना हों, कोहनी हमेशा मुड़ी होनी चाहिए। शुरुआत में सिर्फ 30 सेकेंड तक ही कोबरा पोज में रहें। फिर जैसे-जैसे शरीर को सुकून महसूस हो, इसे क्रमशः बढ़ाकर 1 मिनट तक किया जा सकता है। इससे ज्यादा देर तक करने से परहेज करना चाहिए और 4 से 5 बार पोज दोहराना चाहिए। लेकिन शुरू में 2 से 3 बार ही काफी होता है।

हेल्थ सजेशन
मधु सिंह

# जब रात में ना आए नींद

आज की बिजी लाइफस्टाइल, टेंशन और वर्क प्रेशर की वजह से कई लोग रात में गहरी नींद सो नहीं पाते हैं। अगर आप भी ऐसी समस्या का सामना कर रहे हैं तो यहां बताए जा रहे कुछ सरल उपाय आपके लिए कारगर हो सकते हैं।



विभिन्न अध्ययन और सर्वेक्षण इस बात की तस्दीक करते हैं कि हमारे लिए प्रतिदिन 8 घंटे की नींद लेना जरूरी है। नींद का मतलब गहरी नींद में सोना होता। इसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। हमारे शरीर के अंग सुचारु रूप से काम करते हैं और हम अपने वर्क परफॉर्मेंस पर अच्छी नींद की बदौलत ही फोकस कर पाते हैं।

**नींद ना आने के कारण:** आजकल करियर और पढ़ाई का बढ़ता दबाव हमारी बॉडी क्लॉक पर बुरा असर डाल रहा है। डेडलाइन का प्रेशर, वर्क फ्रॉम होम के कारण हमारी नींद बुरी तरह बाधित होती है, जिससे हमारी बॉडी क्लॉक में विघ्न पड़ता है। इन सबका हमारी नींद की साइकिल पर बुरा असर पड़ता है। देर रात तक मोबाइल चलाना, टीवी देखना और आने वाले दिन की चिंता के कारण रात में नींद अच्छी तरह से नहीं आती। अगर आपके साथ भी ऐसा हो तो हम आपको कुछ सिंपल हैक्स बता रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप अच्छी नींद ले सकते हैं।



**मेडिटेशन करें:** रात को सोने से पहले ऑनलाइन या हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह लेकर मेडिटेशन करें। इसके लिए आजकल कई मेडिटेशन एप्स भी हैं, जो काफी कारगर तरीके बताते हैं, जिससे हमारी नींद का सर्कल बना रहता है। इसके तहत कई ऐसी एक्सरसाइज बताई जाती हैं, जिसमें आप अपने श्वास लेने की प्रक्रिया को नियंत्रित करते हैं और दिलो-दिमाग में शांति महसूस करते हैं।

**सोने से पहले स्नान करें:** सोने से पहले अच्छी तरह पैरों को धोना, पैरों को ठंडे पानी में थोड़ी देर भिगोकर रखना, स्नान करना, इससे हमारे शरीर को आराम मिलता है और हमें जल्दी और गहरी नींद आती है। यह काफी कारगर ट्रिक है। हालांकि अच्छी नींद के लिए स्नान करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता है, लेकिन हम अकसर इसमें आलस करते हैं और ऐसा नहीं कर पाते।



**म्यूजिक सुनें:** अपनी पसंद के गाने और इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक की एक प्ले लिस्ट तैयार करें और रात को सोने से पहले कमरे की लाइट बुझाकर उसे सुनें। लेकिन म्यूजिक ऐसा होना चाहिए, जो आपको जल्दी दिली सुकून दे और आप आराम महसूस कर सकें।

**पॉडकास्ट सुनें:** पॉडकास्ट में थीम सॉन्स सुने जा सकते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य है, जिस समय आप सोने की प्रक्रिया में हो तो आपके इर्द-गिर्द ऐसी आवाजें हों, जिनसे आपको दिली सुकून मिले। ये कोई पॉडकास्ट भी हो सकता है, किसी का भाषण या पक्षियों और प्रकृति से जुड़ी आवाजें, जो आपको सुकून-शांति दें।

**वातावरण को सुगंधित बनाएं:** रात को बिस्तर पर जाने से पहले कमरे के माहौल को खुशनुमा बनाएं, जिससे आपको अच्छी नींद आए। इसके लिए सबसे आसान उपाय है कि आप सुगंधित अगरबत्ती जलाएं और घर में एक अच्छा माहौल बनाकर रखें, ताकि घर का वातावरण खुशनुमा रहे।

**वर्कस्टेशन अलग रखें:** अगर आप वर्क फ्रॉम होम करते हैं तो हो सकता है आप अपने बेडरूम में ही दिन के समय काम करें और इसके बाद आप वहीं सो जाएं। लेकिन यह कोई अच्छी बात नहीं है। अच्छी नींद के लिए आपके आस-पास का वातावरण बोझिल नहीं होना चाहिए। वहां का माहौल ऐसा हो, जो आपको शारीरिक और मानसिक शांति प्रदान करे।

यहां बताए गए तमाम उपाय आपको रात में अच्छी और गहरी नींद से सोने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। *

# यूक्रेन वार जोन में फंसे भारतीय जल्द लौटेंगे वतन

## जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री से की अहम बात

दो साल से अधिक समय से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में आज भी कई भारतीय मौजूद हैं। उनको सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष के साथ बातचीत की

◆ मंत्री जयशंकर ने उठाया भारतीयों की सुरक्षा का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दो साल से अधिक समय से रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग के कारण अब भी कई भारतीय वहां फंसे हुए हैं। उनको सुरक्षित स्वदेश लाने की कोशिश होती रही है। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वार जोन में मौजूद भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए रूसी विदेश मंत्री के साथ बातचीत की है। उन्होंने इस बातचीत में रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में मौजूद भारतीयों का मसला उठाया और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

विदेश मंत्री जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने मंगलवार को यहां पहुंचे। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर खुशी हुई। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी और समकालीन मुद्दों पर व्यापक बातचीत हुई। दिसंबर 2023 में हमारी आखिरी मुलाकात के बाद से कई क्षेत्रों में हुई प्रगति पर चर्चा की'' दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने के लिए मॉस्को की प्रस्तावित यात्रा से पहले हुई है।



विदेश मंत्री एस जयशंकर रूसी समकक्ष के अहम मसलों पर बातचीत करते हुए।

### भारत की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की

विदेश मंत्री जयशंकर ने पोस्ट में कहा कि भारतीय नागरिकों को लेकर अपनी गंभीर चिंता जतायी जो अभी युद्ध क्षेत्र में हैं उनकी सुरक्षित तथा जल्द वापसी पर जोर दिया। उन्होंने लावरोव के साथ वैश्विक सामरिक परिदृश्य पर भी चर्चा की।इससे पहले, विदेश मंत्री जयशंकर ने मंगलवार को यहां कजाखस्तान के उपप्रधानमंत्री मूरत नूरतलेउ से मुलाकात की और रणनीतिक साझेदारी के विस्तार तथा विभिन्न प्रारूपों में मध्य एशिया के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की थी। जयशंकर ने नूरतलेउ के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। नूरतलेउ विदेश मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे हैं।

### रूस की सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती पर रोक

*विदेश मंत्रालय ने दो भारतीयों की मौत की पुष्टि करते हुए कहा था कि भारत ने रूस के साथ इस मामले को दृढ़ता से उठाया है और रूसी सेना में कार्यरत सभी भारतीय नागरिकों की शीघ्र वापसी की मांग की है। भारत ने यह भी मांग की है कि रूसी सेना द्वारा ''भारतीय नागरिकों की आगे किसी भी भर्ती पर रोक लगायी जाए'' तथा ऐसी गतिविधियां ''हमारी साझेदारी के अनुरूप'' नहीं होंगी। जून मध्य तक रूसी सेना के साथ सहायक के रूप में काम करने वाले कुल 10 भारतीयों को मुक्त कर दिया गया है और भारत वापस भेज दिया गया। विदेश मंत्री जयशंकर ने लावरोव के साथ वैश्विक सामरिक परिदृश्य पर भी चर्चा की। जयशंकर ने कजाखस्तान की राजधानी में पुश्किन पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ भारतीय समुदाय के सदस्य तथा भारत के मित्र भी कार्यक्रम में शामिल हुए।*

# भाजपा-बीजद का 'हनीमून पीरियड' खत्म वाकआउट में 9 सांसद भी हुए शामिल

*नये सियासी चोले पहल रहा है अब बीजद-भाजपा संबंध*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संसद के संक्षिप्त सत्र के समापन के साथ भाजपा के रणनीतिकारों को बीजू जनता दल ने साफ साफ दिखा दिया कि अब भाजपा और बीजद का संग साथ और नहीं चलेगा। बुधवार को राज्यसभा की कार्यवाही से विपक्षी दलों ने वॉकआउट किया तो बीजू जनता दल के 9 सांसदों ने भी विपक्षी कुनबे का साथ देते हुए सदन से वॉकआउट किया। ओडिशा में पांच दशक पुरानी बीजद सरकार की विदाई के साथ ही भाजपा की सरकार बनने के बाद बीजद-भाजपा संबंध नये सियासी चोले पहल रहा है। नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजद ने वैसे तो खुद को कांग्रेस और भाजपानीत गठबंधन से औपचारिक तौर पर अब तक अलग रखा था मगर संसद में भाजपा को जब भी किसी विधेयक पर अन्य विधायी कार्यों में बीजद सांसदों के समर्थन की जरूरत पडी बीजद ने बढ चढकर भाजपा का साथ दिया था। चाहे जम्मू कश्मीर से विशेष राज्य वापिस लेने का विषय संसद में आया हो या फिर दो सूबे में इसे बांटने का मामला रहा हो, यूएपीए कानून में संशोधन सदन के पटल पर लाये गये हों या फिर सूचना के अधिकार कानून में संशोधन, दिल्ली के उपराज्यपाल को पूरा कंट्रोल का अधिकार विधेयक राज्यसभा में आया हो सभी विधायी विषयों पर बीजद सांसदों ने केंद्र की राजग सरकार का साथ दिया था।



### दोनों चुनावों में मिली है करारी हार

बुधवार राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड द्वारा विपक्ष के नेता जगदीप धनखड को प्रधानमंत्री के भाषण के बीच में बोलने की इजाजत न देने के मामले पर जब विपक्ष ने बहिर्गमन किया तो विपक्षी कदमताल के साथ बीजद सांसदों के कदम भी मिल रहे थे। इश्यू बेस्ड भाजपा को अब तक समर्थन करने वाली बीजद सरकार न सिर्फ ओडिशा उखड गई बल्कि लोकसभा चुनाव में दर्जन भर सीटों में से एक भी सीट जीत नहीं पाने का मलाल नवीन पटनायक को है। इसीलिए उन्होंने इस बार सांसदों को विपक्षी धर्म निभाने का निर्देश दिया है।

## कमलनाथ ने एमपी बजट को बताया विश्वासघाती

.मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता कमलनाथ ने एमपी बजट को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने बजट पर निशाना साधते हुए कहा है कि यह जनता से विश्वासघात वाला बजट है। यह सरकार जनविरोधी है। इस बजट से एमपी की जनता को भारी निराशा हुई है। कमलनाथ ने कहा है कि यह वादा खिलाफी है। दरअसल, एमपी सरकार 3 जुलाई को अपना बजट पेश की है। बजट पर कमलनाथ ने अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर बयान दिया है। उन्होंने लिखा है कि मध्य प्रदेश सरकार का बजट जनता से विश्वासघात वाला बजट है।



# भाजपा हाईकमान की झारखंड पर पैनी निगाह, हेमंत के नहले पर दहला लगाने की जुगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ भाजपा की नजर आदिवासी सीटों पर, जेएमएम हेमंत के सीएम बनने से आशान्वित

राजनैतिक हलचल भले ही झारखंड की राजधानी रांची में बुधवार को दिनभर चलती रही हों पर दिल्ली में भाजपा हाईकमान सर्तक और चौकस रहा। विधानसभा चुनाव झारखंड में जल्द ही होने वाले हैं। ऐसे में हेमंत सोरेन का फिर से मुख्यमंत्री बनकर चुनाव मैदान में खम ठोंकने का फैसला भाजपा और एनडीए के अन्य सहयोगियों के लिए परेशानी का सबब तो है ही।

हेमंत सोरेन को जबतक जमानत नहीं मिली थी तब तक भाजपा हाईकमान आश्वस्त था कि चंपई सोरेन की अगुवाई में झारखंड मुक्ति मोर्चा विधानसभा चुनाव में इतना मजबूत नहीं होगा कि पटकनी न दी जा सके। लेकिन अब पांसा पलटता दिख रहा है। चंपई के इस्तीफे के बाद हेमंत विधायक दल के नेता चुन लिये गये हैं और वे एक दो दिन में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। हेमंत सोरेन को पांच महीनों के बाद हाईकोर्ट से जमानत मिली। जेल से बाहर आने के बाद से उनके दोबारा मुख्यमंत्री बनने की अटकलें जोरों पर थी। जल्द ही चुनाव होने हैं। ऐसे में हेमंत सोरेन सत्ता अपने हाथों में चाहते थे, ताकि सभी चीजों को अपने तरीके से हैंडल कर सकें।

## 300 करोड़ से अधिक की 77 परियोजनाएं स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना के जरिए अब तक विभिन्न उद्योगों और स्टार्ट -अप की करीब 300 करोड़ रुपए से अधिक की 77 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही 27 रक्षा प्रौद्योगिकियों को सफलतापूर्वक संपादित भी किया गया है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ.समीर वी कामत ने इन परियोजनाओं से जुड़े स्टार्ट अप और संगठन की प्रयोगशालाओं को बधाई दी है। मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर बताया कि डीआरडीओ द्वारा निष्पादित रक्षा मंत्रालय की इस योजना का उद्देश्य सूक्ष्म और मध्यम उद्योग और स्टार्ट अप सहित भारतीय रक्षा उद्योगों को अनुदान सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा अकादमिक व वैज्ञानिक संस्थानों को रक्षा, दोहरे उपयोग वाली मदद उपलब्ध कराना है।

## भारत-मंगोलिया की सेनाओं के बीच शुरू हुआ नोमैडिक एलीफेंट युद्धाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत और मंगोलिया की सेनाओं के बीच बुधवार से मेघालय के उमरोई में विदेशी प्रशिक्षण नोड में नोमैडिक एलीफेंट युद्धाभ्यास की शुरुआत हुई। इसमें 45 कर्मियों वाले भारतीय दल का प्रतिनिधित्व सिक्किम स्काउट्स की एक बटालियन तथा अन्य शाखाओं के कर्मी कर रहे हैं। जबकि मंगोलियाई दल की अगुआई उनकी थलसेना की 150 त्वरित बल बटालियन के कर्मियों द्वारा की जा रही है। सेना द्वारा बुधवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, युद्धाभ्यास के उद्घाटन समारोह में भारत में मंगोलिया के राजदूत दंबाजाबिन गनबोल्ड और भारतीय सेना के 51 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल प्रसन्ना जोशी ने भाग लिया। युद्धाभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय-7 के तहत उप पारंपरिक परिदृश्य में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |

Paramedical Course
Lab tech, OT tech,X-Ray tech & Ortho tech-30 Seats Each Course

| Pharmacy Course | Duration |
|---|---|
| D Pharmacy | 2 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio
HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9691825978, 8435018884

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-6278)

टीचर

आवश्यकता है- गोदडीवाला प्राथमिक पाठशाला देवपुरी रायपुर के लिए शिक्षिकाओं की आवश्यकता है ,योग्यता स्नातक ,बी.एड वालों को प्राथमिकता ,आवेदन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल. संपर्क - 9340873708, 9424208333.(RO-A)

Requirment- EMATE STUDY CENTER Teachers Required For Hindi + English Medium Chemistry / Biology / Accountancy / Business Studies / Economics / Codings / App / Web / Digital marketing.Contact Us :7440824421.Website : emstudy.in (RO-6012)

आवश्यकता है- शिक्षक/ शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। विषय- गणित/भौतिकी हेतु (अंग्रेजी माध्यम) शैक्षणिक योग्यता- एम.एस.सी./बीएड. अनुभवी मानदेय- 8000/- दिनांक- 03 जुलाई से 05 जुलाई 2024 तक आवेदन सहित संपर्क करें। पता- आदर्श सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर पं. काशीराम नगर- रिंग रोड, रायपुर (छ.ग.) मोबाइल- 9329112794.(RO-6009)

आवश्यकता है- जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधीचौक कैंप 2 भिलाई में आवश्यकता है शिक्षक - ग्रेजुएशन एवं बीएड (हिंदी, संस्कृत, गणित ,जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान) सहायक शिक्षक- हायर सेकेंडरी (हिंदी ,इंग्लिश, संस्कृत, गणित) सहायक लिपिक हायर सेकेंडरी- कंप्यूटर का ज्ञान टाइपिंग चपरासी -आठवीं पास संपर्क:-0788-2296066, 94241-24667, 98262-68542.(आरो नं 525)

सुपरवाइजर

आवश्यकता है- बंगलो मे कार्य करने हेतु मेंटेनेंस सुपरवाइजर (पुरुष) की आवश्यकता है योग्यता आईटीआई, डिप्लोमा पास अनुभव- 5 से 10 वर्ष उम्र 25 से 35 वर्ष वेतन योग्यतानुसार (इलेक्ट्रिकल, प्लम्बर, मैकेनिकल किये हुवे को प्राथमिकता दी जाएगी) कृपया अनुभवी ही संपर्क करें (सुबह 10 से शाम 5 बजे तक) 9109222000.(RO-2864)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेट कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्यकता है जिसको कपड़े के क्षेत्र में अनुभव हो संपर्क नंद होजयरी डिपो जयहिंद होजयरी मार्केट पंडरी रायपुर 9300188811.(RO-4433)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000/- महीना योग्य उम्मीदवार को ज्यादा वेतन संपर्क करें वायर हाउस जवाहर नगर एम.जी. रोड रायपुर (RO-1223)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार, संपर्क करें- राधा इंटरप्राइजेस, संजय गांधी चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, मोबाइल नंबर- 9425504853.(RO-336)

छोटा विज्ञापन

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम की दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूल चौक जोरापारा, काली माता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645. (RO-2861)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-2865)

आवश्यकता है- श्रृंगारिका सेक्टर-6,A मार्केट भिलाई में सेल्सगर्ल/सेल्समेन की शीध्र आवश्यकता है। चुड़ी बेचने के अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क करें मो.-99813-82359, 78060-33078.(आरो न.-523)

आवश्यकता है- डिटॉल कंपनी के आईटमो की रायपुर मार्केट में बुकिंग हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है संपर्क करें:- अग्रवाल एजेंसी पुरानी बस्ती रायपुर Mob. 9826416557.(RO-2862)

आवश्यकता

आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223. (RO-3919)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।
क्लासीफाईड

प्रोविजन स्टोर

आवश्यकता है- प्रोविजन स्टोर में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संपर्क हेतु- गुरुनानक प्रोविजन स्टोर भाई तारू सिंह चौक श्याम नगर गुरुद्वारा रोड रायपुर मोबाइल - 9098786913 सम्मी विरदी (RO-4434)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- रायपुर में घरेलू कार्य हेतु महिला एवं ऑफिस कार्य करने हेतु पुरुष (पति एवं पत्नी) की आवश्यकता है। पुरुष को गाड़ी चलाना आता हो तो प्राथमिकता, रहने की सुविधा एवं आकर्षक वेतन संपर्क करे समय 11- 2 बजे, 9826125500.(RO-1710)

आवश्यकता है- बंगलो मे कार्य करने हेतु घरेलू नौकर (पुरुष) की आवश्यकता है अनुभव- 2 से 3 वर्ष 24 घंटे रहना खाना साथ मे उम्र 25 से 30 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही संपर्क करें (सुबह 10 से शाम 5 बजे तक) 9109222000.(RO-2863)

ड्रायवर/फार्महाऊस

आवश्यकता है- अनुभवी (घरेलु) कार ड्राइवर की 14000/- सैलरी एवं ऑफिस सहायक 18-25 वर्ष की आवश्यकता है 8000/- सैलरी, साथ ही फार्महाउस में काम करने के लिए परिवार पति पत्नी (बिना बच्चे) रहने की उत्तम सुविधा 12000/- तत्काल संपर्क करे (देवपुरी रायपुर) 9039584784, 8448107841.(RO-2867)

अन्य

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7003467406 , 7645886307.(RO-282)

आवश्यकता है - AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544. (RO-2853)

Property प्रापर्टी

प्लॉट उपलब्ध है- दुर्ग बायपास टोल प्लाजा से लगा हुआ सर्वसुविधायुक्त प्लॉट, जहां पर 30 फीट 40 फीट रोड उपलब्ध है, आप यहां पर तुरंत घर बना सकते हैं यहां पर 90%बैंक फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। संपर्क - 72470-06610, 72470-06609. (आरो न.-6352)

वाहन

बेचना है- टाटा हाईवा 12 चक्का 2021 मॉडल उल्टा कमानी BS6, 14 चक्का टाटा एवं अशोक लीलैंड ट्रक, टाटा 4018, 4019 ट्रिप ट्रेलर 2015 से 2018 मॉडल फायनेंस सहित बेचना है सम्पर्क- अनुश्री आटो बोदरी बिलासपुर 9131085764, 9993449486, 9589445644, 9993106497 (RO-34675)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152
विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद
- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- नि:संतान दम्पति आज ही मिले।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

सोरियासिस (Psoriasis)
सोरायसिस रोग एक लाईलाज बीमारी को किसी तरह अपनी मर्जी से कोई चुटकुले दवा या मोबाइल देखकर खुद ईलाज ना करे। क्योकि यह वात, पित्त, कफ, किसी एक विकृति के कारण यह रोग होता है। आप कैसे जानेंगे कि किस विकृति से रोग हुआ हैं। परंतु कारण को जाने बिना स्टेराइड इत्यादि दवा से इसे दबाने की कोशिश करते हैं जो रोग बाद में जिद्दी एवं पुराना हो जाता है। यह आटो इम्यून डिसआर्डर रोग है। सोरियासिस लाईलाज एक जटिल रोग है इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा हैं ही नहीं। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते। इसलिये यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर मे रुसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखूनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ो में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमे कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किड्नी खराब हो गये यदि समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो तो मिलें।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लीनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरुस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस) (आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि. 00255)
9303948500
निशांत अग्रवाल(फार्मासाईटिस्ट)
9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग (छत्तीसगढ़)समय - शाम 4 से 7 बजे।
अपाइंटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

# रायपुर-जगदलपुर मार्ग को फोर लेन की सांसद ने केंद्रीय मंत्री से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जगदलपुर से रायपुर मार्ग को 4 लेन बनाने के लिए रायपुर से विशाखापटनम भारतमाला रोड निर्माणधीन है। इसे जगदलपुर से एक लिंक रोड प्रदान करने व बीजापुर से गढ़चिरौली होकर महाराष्ट्र को जोड़ने वाली सड़क को शीघ्र पूर्ण करने सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया है। साथ ही भोपालपटनम से बारेगुड़ा रोड लंबाई 12 किमी मट्टीमारका में इंद्रावती नदी पुल स्वीकृत कर महाराष्ट्र को जोड़ने की मांग सांसद ने की है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 जो बस्तर को दक्षिण राज्य को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग जगदलपुर से कोंटा में जगदलपुर सुकमा तक 120 किमी सीसी रोड तथा सुकमा से कोंटा तक दूरी 90 किमी सीसी रोड बनी है उस पर डामरीकरण करने की मांग की है। साथ ही दंतेवाड़ा जिले में आवश्यक रेलवे क्रासिंग पर फ्लाईओवर निर्माण व यातायात और आवागमन व्यवस्था सुलभ कराने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सांसद महेश कश्यप के पत्र का अवलोकन करते शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने अफसरों से चर्चा कर सार्थक पहल करने का भरोसा दिलाया है।

# बाइक की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



- पोटियाडीह की घटना
- घटना के बाद बाइक सवार मौके से

काम निबटाकर अपने घर लौट रहे साइकिल सवार मजदूर को तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल मजदूर की घर में मौत हो गई। पुलिस व परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी के इंदिरा गांधी वार्ड निवासी छन्नूराम ढीमर पिता रामकरण उम्र 50 वर्ष पोटियाडीह स्थित सरस्वती राइस मिल में मजदूरी करता था। रोजाना की तरह अधेड़ मंगलवार को भी काम करने राइस मिल गया था। रात्रि 8 बजे छुट्टी होने पर अधेड़ घर जाने के लिए साइकिल से राइस मिल से निकल मुख्य मार्ग पर पहुंचा था। इसी दौरान आमदी की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। बाइक में दो लोग सवार थे। घटना के बाद बाइक समेत मौके से भाग गए। बाइक की ठोकर से मजदूर साइकिल समेत सड़क पर गिर गया। इस घटना में मजदूर घायल हो गया जिसे मिल मालिक उपचार के लिए आमदी के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गया। पैर में आई चोट का प्राथमिक उपचार किया गया। उसके बाद मिल मालिक मजदूर को उसके घर छोड़ दिया। घर में घायल मजदूर व उसकी पत्नी रहती है। उसकी कोई संतान नहीं है।

## पानी में डूबने से युवक की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली के कुटेला तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मुकेश दास पिता कारादास (28 साल) का शव कुटेला तालाब में पाया गया।


## पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: VSKP-EL-C-T-183E, दिनांक: 24.06.2024

**कार्य का नाम:** पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मंडल में कोरापुट-जगदलपुर एवं कोरापुट-सिंगापुर रोड दोहरीकरण परियोजनाओं के संबंध में मालीगुड़ा-जरति, सिंगापुर रोड-केउटगुड़ा, केउटगुड़ा-सिकरपाई, सिकरपाई-भालूमास्का सेक्शनों के बीच 56TKM के लिए 25KV AC OHE की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना (साथ में मालीगुड़ा, जरति, सिंगापुर रोड, केउटगुड़ा, सिकरपाई में यार्ड OHE का सुधार कार्य तथा चालू करने के लिए प्री-नॉन इंटरलॉकिंग (NI) एवं नॉन-इंटरलॉकिंग (NI) कार्यों के दौरान OHE सुधार कार्यों का भी निष्पादन) साथ में 01 संख्यक TSS विस्तार, 01 संख्यक 25 KV SSP एवं SP से संबंधित PSI कार्य के साथ SCADA कार्यों का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 3027.98 लाख, जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 16,64,000.00, कार्य समापन की अवधि: 24 महीने।

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 16.07.2024 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा तथा उसके संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

ऊपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज के साथ सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। प्रत्याशित निविदाकारों को इस निविदा के लिए जारी किए जाने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की तारीख से पंद्रह दिन पहले वेबसाइट पुनः अवलोकन करने की सलाह दी जाती है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होने चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत किया होना चाहिए। ई-निविदा में सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही भाग ले सकते हैं।

**निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए तथा निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के निविदा फॉर्म की शर्तों, एनआईटी के वाणिज्यिक अनुपालन, जाँच सूची, सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।**

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), विशाखापट्टणम
PR-38/CH/24-25


# पुणे में कामकाजी युवक को बनाया बंधक, छोड़ने रुपयों की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कंपनी का पैसा लेकर दोस्त भागने पर युवक से जबरन वसूली का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 384, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

सुपेला पुलिस ने बताया कि कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी लता यादव फायनेंस कंपनी में काम करती है। 25 जून को भाई भीषम यादव घर से काम करने के लिये पुना जाने के लिए निकला था। 29 जून की शाम भीषम का कॉल आया कि पुना में काम करने आया हू। जहां एक कमरे मे बंद कर रखा है। छोड़ने के एवज में उसे रुपए का डिमांड किया जा रहा है। पीड़िता ने अपने भाई भीषम से बात हुई तो उसने आकाश का मोबाइल नंबर दिया। उससे बात करने पर उसने बताया कि भीषम जिस आफिस में काम कर रहा था। उस आफिस में उसका दोस्त भी काम करता था लेकिन उसके दोस्त ने कंपनी का 50 हजार रुपए का नुकसान कर दिया। जिसकी भरपाई भीषम से कंपनी वाले कर रहे है। भीषम को छोड़ने के लिए 50 हजार मांग रहे है। रुपए देने के बाद उसे छोड़ने की बात कंपनी वालों ने कहा है। इस दौरान आकाश के द्वारा बताए गए बैंक खाते में फोन पे के माध्यम से 50 हजार रुपए ट्रांसफर किया गया। फिर कुछ देर बाद भीषम यादव का फोन करने पर बताया कि लोगों ने उसे छोड़ दिया है। इसके बाद 30 जून की रात को पीड़िता को भीषम का कॉल आया कि वो लोग नहीं छोडे है। भीषम को छोड़ने के एवज में दोबारा कंपनी वालों ने 2 लाख 50 हजार रुपए का डिमांड करने की बात सामने आई है। पीड़िता को बताया गया कि भीषम की कोई गलती नहीं है। बल्कि उसका दोस्त दोस्त ए चिंरजीवी कंपनी का पैसा लेकर भाग निकला है। इस कारण रुपए का डिमांड किया जा रहा है। रुपए नहीं देने के एवज में भीषम को नहीं छोड़ने की बात कही है। इसके बाद से आकाश और अन्य लोगों का मोबाइल स्वीच ऑफ होना पीड़िता ने बताया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि शिकायत के बाद पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया गया है।

- पुलिस ने धारा 384, 34 के तहत जुर्म दर्ज

# बीच सड़क सिलेंडर से भरा ट्रक पलटा, बड़ी घटना टली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाटापारा-बलौदाबाजार सड़क मार्ग पर बुधवार को ग्राम खपरीडीह के पास घरेलू सिलेंडर से भरा ट्रक पलट गया है। इससे यातायात सुविधा बाधित होते देख तत्काल रोड से हटाया गया। घटना की सूचना पर उप पुलिस अधीक्षक अमृत कुजूर यातायात टीम के साथ तत्काल घटना स्थल पहुंचे। घटना स्थल में ट्रक सड़क मार्ग के बीचों बीच पलटा हुआ था, जिससे दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही में राहगीरों को परेशानी हो हो रही थी। साथ ही ट्रक में आग लगने, सिलेंडर फटने का डर भी आने जाने वाले राहगीरों को लग रहा था। इस दौरान तत्काल यातायात बल द्वारा क्रेन की मदद से ट्रक को सड़क से हटाकर किनारे किया गया।

अपराध

# पार्षद पति और देवर के साथ मारपीट का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम रिसाली के कांग्रेस पार्षद के पति और देवर की जमकर धुनाई करने का वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। नेवई पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। वीडियो में वार्ड 15 की पार्षद ईश्वरी साहू के पति को सड़क पर युवको द्वारा लात-घूंसों से पिटाई हो रही है। पार्षद पति पर आरोप है कि शिव मंदिर के पास रिटायरमेंट पार्टी के दौरान शराब के नशे में पहुचे और गाली-गलौज कर रहे थे।मरोदा निवासी प्रदीप साहू शिकायत किया है कि 30 जून को वो सामुदायिक भवन के पास उमेश रावटे की दादी की रिटायरमेंट पार्टी में शामिल होने गया था। कुछ लोग एक दूसरे को गाली गलौज कर रहे थे। पार्षद ईश्वरी साहू और उनके देवर ने उन्हें मना किया। जब ईश्वरी साहू ने मारपीट का विरोध किया, तो ईश्वरी के पति और देवर को बुरी तरह पिटाई कर दी। रिसाली नगर निगम के वार्ड 15 मौहारी की पार्षद ईश्वरी साहू और दूसरा पक्ष उमेश रावटे,उसके समर्थक भी नेवई थाने पहुंच गए। दोनों पक्षों पर कार्रवाई की गई है।

- पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ किया जुर्म दर्ज


## पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं. eT-BR-WAT-21-2024, दिनांक 26.06.2024

**कार्य का नाम:** वाल्टियर (WAT) मंडल में सहायक मंडल अभियंता/BR/वाल्टियर के क्षेत्राधिकार के अधीन स्पैनों के मध्य में कैम्बर/डिफ्लेक्शन रीडिंग लेने के सुविधार्थ MID स्पैन में कम्पोजिट/PSC गर्डरों के लिए इंस्पेक्शन प्लेटफॉर्म का प्रावधान तथा बीयरिंगों के निरीक्षण के लिए स्थाई व्यवस्था का प्रावधान।

**कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 2,53,51,170.15, EMD: रु. 2,76,800.00, कार्य समापन की अवधि: 12 महीने।

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 19.07.2024 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

ऊपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**द्रष्टव्य:** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

वरिष्ठ मंडल अभियंता (Bridges), वाल्टियर
PR-261/P/24-25

## कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता
## लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा

फोन नं.:- +91-7856-252240, 91-7856-252475
ई-मेल - ee.dantewada@nic.in

### -:: निविदा संशोधन सूचना ::-

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा विज्ञप्ति क्र. 02/ जि.नि.स./ लो.नि.वि./23-24 दन्तेवाड़ा, दिनाँक 11/03/2024 को आमंत्रित किया गया था। परन्तु लोकसभा चुनाव 2024 हेतु आचार संहिता लागू होने के कारण निम्नानुसार संशोधन किया जाता हैः-

| क्र. | विवरण | पूर्वानुसार | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 |
| 1 | निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अन्तिम तिथि | 20.03.2024 | 08.07.2024 |
| 2 | कार्यालय में निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 27.03.2024 | 15.07.2024 |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | 28.03.2024 | 16.07.2024 |

निविदा से संबंधित अन्य समस्त शर्तें यथावत रहेंगी।

नोडल अधिकारी
जिला निर्माण समिति शाखा
(का.अ.लो.नि.वि.) दन्तेवाड़ा

G -242500777/2

## MUNICIPAL CORPORATION ZONE-10 RAIPUR

Email:-rmczone10@gmail.com
e-Procurement Tender Notice, Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO: 12 — RAIPUR DATED : 02/07/2024

**Online bids are invited for the following works up to 03/07/2024 at 17:30 hours.**

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable Amount of contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 155685 | रानी दुर्गावती वार्ड क्र. 50 अंतर्गत राम मंदिर के पास नाला निर्माण कार्य। | 198.76 Lakh |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate. gov.in from 03/07/2024, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT Details and other documents.

Note:- 1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.

2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No.* 18004199140 or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*

घरों से निकलने वाले सूखा व गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE - 10
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, कबीरधाम

ग्राम एवं पोस्ट- महाराजपुर, राजनांदगांव रोड, तह- बोड़ला, जिला- कबीरधाम
ई-मेल poly_kabirdham@rediffmail.com
वेबसाइट www.gpkabirdham.ac.in
दूरभाष क्रमांक 07741-232636,07741 233306

क्रं./शापॉक/स्था./2024/...... — कबीरधाम, दिनांक

### //Walk-in-Interview for Part Time Lecturers//

शासकीय पॉलीटेक्निक, कबीरधाम में निम्न विषय में पूर्णतः अस्थाई रूप से अंशकालीन आधार पर व्याख्याता के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों को अपने बायोडाटा, मूल दस्तावेजों एवं 01 सेट छायाप्रतियों के साथ वाक-इन-इन्टरव्यू के लिए संस्था में आमंत्रित किया जाता है-

| स.क्र. | विषय | रिक्तियां | न्युनतम शैक्षणिक अर्हतायें | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गणित | 01 | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से संबंधित विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर की उपाधि । | 22.07.2024 समय प्रातः 11.00 बजें |

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी संस्था की वेबसाइट www.gpkabirdham.ac.in से प्राप्त करें ।

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक, कबीरधाम

G- 242500803/3

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-रायगढ़ (छ.ग)

दूरभाष 07762-213868 ई-मेल raigarhcmho@gmail.com

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ

क्र./एम.एन.एच./एच.आर./विज्ञा./2024-25/10051 — रायगढ़ दिनांक 02/07/2024

### विज्ञापन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु जिले में स्वीकृत आर.ओ.पी. के अनुसार तथा मानव संसाधन नीति-2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला रायगढ़ अन्तर्गत निम्नांकित विभिन्न संविदा पदों में भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित कर इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भगवानपुर, जिंदल रोड, रायगढ़, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) के पते पर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 16.07.2024 तक कार्यालयीन समय में सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। पदवार रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार हैः-

**आवेदन पत्र प्राप्ति का प्रकार** - निर्धारित प्रारूप में संलग्नकों के साथ केवल /स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

**संविदा नियुक्ति हेतु रिक्तियों का विवरणः-**


| क्र. | पद नाम | कुल रिक्त पद | कुल रिक्त पदों का प्रवर्गवार विवरण | | | | शैक्षणिक योग्यता | संविदा आधारित एकमुश्त मासिक वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | OBC | SC | ST | Essential Educational Qualification | |
| 1 | 2ND ANM (NHM) | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 12th Passed, ANM Passed & INC affilited Training center & live Registration in Chhattisgarh Nursing Ragistration Council | 12000/- |
| 2 | Nursing Officer (NHM) | 10 | 3 | 4 | 1 | 2 | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 16500/- |
| 3 | OT Technician (LaQsya FRUs) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1. जीव विज्ञान, रसायन एवं भौतिक विषय में 10+2 उत्तीर्ण। 2. ओ.टी. टेक्नीशियन पैरामेडिकल कोर्स एवं छ.ग. पैरामेडिकल काउंसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। | 14000/- |
| 4 | MO - AYUSH (Male) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | BHMS/ BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Reconised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board | 25000/- |
| 5 | MO - AYUSH (Female) | 4 | 1 | 0 | 0 | 3 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Reconised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board | 25000/- |
| 6 | ANM (RBSK) | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | ANM Course Passed in Indian Nursing Board & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Ragistration Council | 12000/- |
| 7 | Technical Assistant - Optemetrist (DEIC) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | Diploma in Optometry form a Recognized Institution However. Candidates Having Masters/Bachelor Degree in Optometry will be given preference. | 15000/- |
| 8 | Laboratory Technician (DEIC) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | D.M.L.T. Or B.M.L.T./Passed in Pathology Paramedical Course With Ragistration in C.G. Paramedical Council. | 14000/- |
| 9 | Dental Assistant (DEIC) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | Diploma in Dental Technology from a recognized intitution(Reference will be given to candidates having at least 2 years post Qalification experience in related field) | 14000/- |
| 10 | Staff Nurse – (NRC) | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 16000/- |
| 11 | Feeding Demonstrator (NRC) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | BSC Home Science | 12000/- |
| 12 | Staff Nurse – (SNCU) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 16000/- |
| 13 | Counselor – (NHM) | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | PG Degree/Diploma in Psychology/ Counselling/health/education/Mass Communication/ Social Science | 12000/- |
| 14 | Psychologist – Clinical (NMHP) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1- एम.फिल क्लिनिकल साईकोलॉजी, यदि योग्यता न होने की दशा में एम.एस.सी. साईकोलॉजी/एमएससी रिहैबिलिटेशन साईकोलॉजी/एमए साईकोलॉजी, रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया से रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है एवं 02 वर्ष मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लिनिक में कार्य करने का अनुभव 2- अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इन कम्यूनिटी मेंटल हेल्थ (क्लिनिकल साईकोलॉजी) को प्राथमिकता दी जावेगी। | 31500/- |
| 15 | Secretarial Assistant - NMHP1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से स्नातक उपाधि के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 13650/- |
| 16 | ANM (NUHM) | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 12th passed, ANM passed with INC affilited Training centre & Live Registration in Chhattisgarh Nurse Registration Council | 12000/- |
| 17 | Nursing Officer (NUHM) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 16500/- |
| 18 | Pharmacists (NUHM) | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | Degree or Diploma in Pharmacy & Registration in Pharmacy Registration Council | 16500/- |
| 19 | Opthalmic Assistant(NUHM) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 Year Diploma Course in Optometry/01 Year Govt Hospital NPCB Training in Opthelmic Assistant | 12000/- |
| 20 | Secretarial Assistant – (SNCU) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | B.com (Minimum 55%)+ 1 Year Diploma (PGDCA) | 12000/- |
| 21 | Block Manager – Account (NHM) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | B.com (Minimum 55%)+ 1 Year Diploma (PGDCA) Knowledged Tally | 21000/- |
| 22 | Secretarial Assistant – (IDSP) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | Graduate with at least 1 Year Diploma In Computer Applications | 13650/- |
| 23 | Jr. Secretarial Assistant – (NHM) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12 th Passed with At least 1 Year Diploma in Computer Application | 12000/- |
| 24 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | 6 | 2 | 1 | 1 | 2 | 12th Passed with At least 1 year Diploma in Computer Aplications | 12000/- |
| 25 | Staff Nurse – UHWC( 15th Finance) | 12 | 5 | 2 | 1 | 4 | 01. B.Sc Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing 02. General Nursing and Midwifery (GNM) with CG Nursing Council registration (Final Merit list prepared on the basis of order of priority like 1 & 2 ) | 16500/- |
| 26 | MPW Male – UHWC ( 15th Finance) | 13 | 6 | 2 | 1 | 4 | Must have passed Higher Secondary Examination (10+2) examination with Biology Subject. One Year Diploma in Multipurpose worker Training or Equivalent Training from Training center recognized by the state government with registered in chhattisgarh Paramedical Council. | 14000/- |
| 27 | Jr.Secretarial Assistant – UHWC ( 15th Finance) | 13 | 5 (F-1) | 2 | 1 | 5 (F-1) | 12th Passed with at least 1 year Computer Diploma | 12000/- |
| 28 | Class IV – UHWC ( 15th Finance) | 12 | 5 (F-1) | 2 | 1 | 4 (F-1) | 10th Passed | 10000/- |
| 29 | Physiotherapist | 7 | 3 | 0 | 1 | 3 | Bechelor's Degree in Physiotherapy (BPT) | 18000/- |
| 30 | Staff Nurse – (NBSU) | 18 | 6 | 2 | 2 | 8 | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 16000/- |
| 31 | Community Health Officer | 88 | 31 (F-9) (F-OL-1) | 0 | 18 (F-5) | 39 (F-11) (M-OL-1) | B.Sc. Nursing/Post Basic Nursing Certificate in Community Health Integrated Course Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council | 16500/ |
| | Total | 211 | 79 | 19 | 28 | 85 | | |

नोटः- विस्तृत जानकारी रायगढ़ जिले की वेबसाइट www.raigarh.gov.in में उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला रायगढ़ (छ.ग.)

S-40679/1

# अर्जेंटीना की ओलंपिक फुटबॉल टीम में मेसी को नहीं मिली जगह



एजेंसी ▸▸| ब्यूनस आयर्स

लियोनेल मेसी इस महीने के अंत में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक में अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम का हिस्सा नहीं होंगे। कोच जेवियर माशेरानो ने घोषित टीम में विश्व कप विजेता टीम के चार सदस्यों को जगह दी जिसमें स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी शामिल हैं।

■ फुटबॉल : विश्व चैंपियन अल्वारेज, रूली, एचेवेरी, ओटामेंडी टीम में शामिल

इस साल चोटों से जूझ रहे 37 वर्षीय मेसी अभी कोपा अमेरिका में अर्जेंटीना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का लक्ष्य 2021 में जीते गए महाद्वीपीय खिताब का बचाव करना है। अर्जेंटीना ने 2021 में कोपा अमेरिका जीतने के बाद 2022 में विश्व कप भी जीता था। मेसी ने अपने एकमात्र ओलंपिक अभियान में 2008 में बीजिंग में टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की थी। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर-23 टीम के लिए होता है लेकिन प्रत्येक टीम में तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खिलाने की अनुमति दी जाती है। वर्ष 2004 और 2008 में खिलाड़ी के तौर पर ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले माशेरानो कोपा अमेरिका खत्म होने के बाद गोलकीपर गेरोनिमो रूली, ओटामेंडी और अल्वारेज को टीम में शामिल करेंगे। हाल ही में रिवर प्लेट से मैनचेस्टर सिटी में शामिल हुए मिडफील्डर क्लॉडियो एचेवेरी भी टीम में शामिल होंगे। अर्जेंटीना 24 जुलाई को मोरक्को के खिलाफ ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच से पूर्व फ्रांस में दो मैत्री मैच खेलेगा।



**कोलंबिया-ब्राजील ने खेला ड्रॉ** : सेंटा क्लारा। डेनियल मुनोज के पहले हाफ के इंजरी टाइम में दागे गोल की मदद से कोलंबिया ने ब्राजील को 1-1 से बराबरी पर रोककर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ब्राजील की टीम भी दूसरे स्थान पर रहते अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। राफिन्हा ने 12वें मिनट में ब्राजील को बढ़त दिलाई लेकिन मुनोज ने पहले हाफ के इंजरी टीम में गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया जिसके बाद दोनों ही टीमें गोल करने में नाकाम रहीं। इस ड्रॉ से कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 26 मैच तक पहुंचाया।

## 16 साल में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा नीदरलैंड



**म्यूनिख।** नीदरलैंड ने यूरो 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में टूर्नामेंट का अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रोमानिया को 3-0 से हराकर 16 वर्षों में पहली बार यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोडी गाकपो ने 20वें मिनट में नीदरलैंड को बढ़त दिलाई जिसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी डोनयेल मालेन ने दो गोल और दागकर नीदरलैंड को 2008 के बाद पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।

## कोस्टा रिका कोपा अमेरिका से बाहर

ऑस्टिन। फ्रांसिस्को कैल्वो और जोसिमार अलसोसेर के शुरुआती सात मिनट में दागे गोल से पराग्वे को 2-1 से हराने के बावजूद कोस्टा रिका कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गया। कोस्टा रिका ग्रुप डी में चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। कोलंबिया सात अंक के साथ शीर्ष पर रहा जबकि ब्राजील ने पांच अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पराग्वे अपने शुरुआती दो मैच गंवाकर पहले ही बाहर हो गया था। कोस्टा रिका की टीम 1997, 2011 और 2016 के बाद चौथी बार ग्रुप चरण से बाहर हुई।

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी 'सर्विस वैरिएशन' चुनौती से पार पाने के बाद आगामी पेरिस ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से 'शारीरिक और मानसिक अनुकूलन' पर फोकस बनाए हुए हैं। सात्विक (23 वर्ष) और चिराग (26 वर्ष) की जोड़ी को अपने प्रतिद्वंद्वी की सर्विस में बहुत सारी विविधता जैसे 'टंबल', 'स्पिन' और 'वाइड' से परेशानी होती रही है जिसमें विशेष रूप से कोरियाई और इंडोनेशियाई जोड़ियां शामिल हैं जिन्होंने हाल के टूर्नामेंट में इनका इस्तेमाल किया।

### भारत के खिलाफ मैच था, सोते रहे तास्किन

**ढाका।** बांग्लादेश ने उप कप्तान तास्किन अहमद को टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ महत्वपूर्ण सुपर आठ मुकाबले से कथित तौर पर इसलिए हटा दिया गया क्योंकि वह अधिक समय तक सोते रहे और टीम की बस मे सवार होने के लिए नहीं पहुंचे थे। इस दावे का हालांकि इस तेज गेंदबाज ने खंडन करते हुए कहा कि टीम संयोजन के कारण वह बाहर हुए। बाइस जून को एंटीगा के नॉर्थ साउंड में हुए मैच में बांग्लादेश को 50 रन से हार का सामना करना पड़ा था। टीम ने इस मैच में एक बदलाव करते हुए तास्किन की जगह जाकिर अली को खिलाया था।



### एशियाई चैंपियनशिप में जीते आडवाणी

**रियाद।** दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने यहां 2024 एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत करते हुए ऑन्ग फियो और युटापोप पाकपोज को हराया। एशियाई बिलियर्ड्स खिताब की हैट्रिक बनाने के इरादे से उतरे 38 साल के आडवाणी ने म्यांमार के फियो को 4-2 से हराने के बाद कड़े मुकाबले में थाईलैंड के पाकपोज को 4-3 से शिकस्त दी। आडवाणी ने कहा, 'टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है। इन दो जीत से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और मेरी नजरें अब लक्ष्य पर हैं। यह खेल काफी अप्रत्याशित है इसलिए मैं किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा हूं।'



### अभय-वेलावन को मिली शीर्ष वरीयता

**जोहोर।** अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की भारतीय जोड़ी को गुरुवार से यहां शुरू हो रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पुरुष युगल में शीर्ष वरीयता दी गई है। अभय मिश्रित युगल में दिग्गज जोशना चिनप्पा के साथ खेलेंगे। यह जोड़ी 15 टीमों में तीसरी वरीयता प्राप्त है। रथिका सुथांथिर सीलन और पूजा आरती आर की महिला युगल जोड़ी को पांचवीं वरीयता मिली है। दोनों जोड़ियों ने इस साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी जिसे 17 साल बाद दोबारा शुरू किया गया।

## विंबलडन : जेसिका ने 6-4, 6-2 से हराया

# वोंद्रोसोवा 30 साल में पहले दौर से बाहर होने वाली पहली पूर्व चैंपियन

एजेंसी ▸▸| लंदन

मार्केटा वोंद्रोसोवा 1994 से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर होने वाली पहली महिला गत चैंपियन खिलाड़ी बनीं। ऑल इंग्लैंड क्लब पर 12 महीने पहले खिताब जीतकर सभी को हैरान करने वाली वोंद्रोसोवा को जेसिका बोजास मनेइरो ने 6-4, 6-2 से हराया। वोंद्रोसोवा पिछले साल घास के कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंडस्लैम को जीतने वाली पहली गैर वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी बनीं थी। वोंद्रोसोवा ने हालांकि मंगलवार को एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कराया। वर्ष 1964 में शुरू हुए खेल के ओपन युग में इससे पहले सिर्फ एक बार विंबलडन की गत चैंपियन महिला खिलाड़ी को अगले साल पहले दौर में शिकस्त झेलनी पड़ी थी। दिग्गज स्टेफी ग्राफ को 30 साल पहले लोरी मैकनील के खिलाफ इस स्थिति का सामना करना पड़ा था। वोंद्रोसोवा को इस बार छठी वरीयता मिली थी लेकिन तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई।





### नागल पुरुष युगल के पहले दौर में बाहर

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल के अपने सर्बियाई जोड़ीदार डुसान लाजोविच के साथ बुधवार को यहां पुरुष युगल स्पर्धा के पहले दौर में सीधे सेटों में बाहर होने के बाद विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में उनका अभियान खत्म हो गया। नागल और लाजोविच की जोड़ी को एक घंटे और सात मिनट तक चले मैच में जाइमे मुनार और पेड्रो मार्टिनेज की स्पेनिश जोड़ी से 2-6, 2-6 से हार मिली। भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी नागल सोमवार को पुरुष एकल के पहले दौर में हार गए थे।

### जेसिका ने रचा इतिहास

जेसिका ने अपने तीसरे ही ग्रैंडस्लैम में गत चैंपियन खिलाड़ी को हराया। उन्होंने इससे पहले दोनों ग्रैंडस्लैम में पहले दौर के मुकाबले गंवाए थे। जेसिका ने इससे पहले टूर स्तर पर ग्रास कोर्ट पर कोई मैच नहीं जीता और शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी को भी कभी नहीं हरा पाई थी।

### जोकोविच ने कोपरिवा को हराया




पुरुष वर्ग मे सात के बार चैंपियन नोवाक जोकोविच, चौथे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव और सातवें वरीय ह्यूबर्ट हुरकाज ने अगले दौर में जगह बनाई। जोकोविच ने क्वालीफायर विट कोपरिवा को सीधे सेट में 6-1, 6-2, 6-2 से हराया। पांच जून को दाएं घुटने की सर्जरी के बाद यह उनका पहला मैच था।

### मरे एकल से हटे, खेलेंगे युगल

एंडी मरे और ऐमा राडुकानु विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में जोड़ी बनाकर खेलेंगे। हाल में हुई सर्जरी के कारण मरे ने विंबलडन में अंतिम बार खेलते हुए पुरुष एकल में शिरकत नहीं करने का फैसला किया। मरे पुरुष युगल अपने बड़े भाई जेमी के साथ जोड़ी बनाकर खेलेंगे। वर्ष 2013 और 2016 में यहां एकल खिताब जीतने वाले 37 साल के मरे ने कहा है कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। राडुकानु ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था।

## आईआईएस में ट्रेनिंग लेंगे 30 भारतीय तैराक



एजेंसी ▸▸| बेल्लारी

भारत के 30 'उच्च क्षमता वाले' तैराकों की पहचान की गई है जो 'मिजुहो एलीट कार्यक्रम' के तहत यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में ट्रेनिंग लेंगे जिससे कि उन्हें 2026 एशियाई खेलों तथा 2028 ओलंपिक क्वालीफायर के लिए तैयार किया जा सके। आईआईएस ने इसके लिए मिजुहो बैंक के साथ साझेदारी की है। दोनों ने 30 तैराकों की मदद के लिए साझेदारी की घोषणा की। वर्ष 2023 में शुरू किए गए आईआईएस तैराकी कार्यक्रम में दो अत्याधुनिक पूल हैं। प्रतिभाशाली युवा तैराक माना पटेल, कुशाग्र रावत, ईशान मेहरा, आस्था चौधरी, अश्मिता चंद्रा और बिक्रम चांगमई इस कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

### नीरज के पदक जीतने की संभावना : मैके



**विजयनगर।** 'इंस्पायर इस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स' में 'स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग' कोच स्पेंसर मैके का कहना है कि भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिए शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं। भारत का यह 26 साल का एथलीट पिछले दो महीनों से जांघ की चोट से परेशान है जिससे वह रविवार को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में भी हिस्सा नहीं ले रहा है और सीधे ओलंपिक के लिए रवाना होगा। ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा ने फिनलैंड में पावो नुर्मी खेलों में पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद एक महीने के लंबे ब्रेक के बाद जून में प्रतियोगिताओं में वापसी की।

## सम्मान समारोह

# वर्ल्ड चैंपियन भारतीय टीम का रोड शो आज



एजेंसी ▸▸| मुंबई

टी20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का गुरुवार को खुली बस में रोड शो के बाद यहां वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

भारतीय टीम के गुरुवार को सुबह छह बजकर 20 मिनट पर नई दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय टीम गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह लगभग छह बजकर 20 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगी। विमान में भारतीय टीम, उसका सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और कुछ भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी तथा भारतीय मीडिया के कुछ सदस्य सवार हैं। इस विशेष उड़ान का इंतजाम बीसीसीआई ने किया है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'टीम बीसीसीआई द्वारा मुहैया कराई गई एयर इंडिया के विशेष विमान से बारबाडोस से रवाना हो गई है। बारबाडोस में फंसे भारतीय पत्रकार भी बीसीसीआई अध्यक्ष (रोजर बिन्नी) और सचिव (जय शाह) के साथ इसी फ्लाइट में आ रहे हैं। फ्लाइट आज सुबह छह बजे दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरेगी। टीम सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके निवास पर मुलाकात करेगी। इसके बाद टीम मुंबई के लिए उड़ान भरेगी जहां उनके सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।'

■ प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेगी टीम इंडिया

### नरीमन प्वाइंट पर खुली बस में रोड शो



शुक्ला ने कहा, 'नरीमन प्वाइंट से खुली बस में रोड शो कराया जाएगा और फिर खिलाड़ियों को घोषित 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।' बीसीसीआई सचिव शाह ने सभी खेल प्रेमियों का गुरुवार की शाम 'विक्ट्री परेड' (जीत के जश्न में परेड) में जुड़ने का स्वागत किया। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, 'टीम इंडिया की विश्व कप जीत के जश्न में आयोजित 'विक्ट्री परेड' में हमारे साथ जुड़िए। चार जुलाई को शाम पांच बजे मरीन ड्राइव से वानखेड़े स्टेडियम तक पहुंच कर हमारे साथ जश्न मनाईए। तारीख याद रखिए।'

## प्रज्ञानानंदा ने बोगडान डेनियल से ड्रा खेला



***बुकारेस्ट।*** *भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के छठे दौर में रोमानिया के कम रैंकिंग वाले डीएक बोगडान डेनियल से ड्रा खेलकर अंक बांटने पड़े। ईरानी-फ्रांसिसी ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अमेरिक के वेस्लो सो को पराजित किया। भारत के डी गुकेश ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से बाजी ड्रा कराई। प्रज्ञानानंदा ने जीतने की कोशिश करते हुए कई चाल चली लेकिन रोमानियाई खिलाड़ी डटकर सामना करता रहा और 38 चाल के बाद ड्रा खेलने में कामयाब रहा।*

## अक्टूबर में फीफा विंडो के दौरान तीन देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय टीम

# वियतनाम में तीन देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगा भारत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल टीम अक्टूबर में फीफा विंडो के दौरान वियतनाम में तीन देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी। भारत और वियतनाम के अलावा लेबनान इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने यह जानकारी दी।

वियतनाम (116) और लेबनान (117) फीफा की ताजा विश्व रैंकिंग में भारत (124) से आगे हैं। एआईएफएफ ने भारतीय टीम के विश्व कप क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में नहीं पहुंच पाने के बाद मुख्य कोच इगोर स्टिमक को बर्खास्त कर दिया था। उसके बाद यह पहला टूर्नामेंट होगा जिसमें भारतीय टीम भाग लेगी।



एआईएफएफ ने अभी तक नए कोच की घोषणा नहीं की है और यह देखना होगा कि तीन देशों के टूर्नामेंट में कौन भारतीय कोच की भूमिका निभाता है। इस टूर्नामेंट में भारत अपना पहला मैच नौ अक्टूबर को वियतनाम के खिलाफ खेलेगा जबकि 12 अक्टूबर को उसका सामना लेबनान से होगा। टूर्नामेंट का तीसरा मैच 15 अक्टूबर को वियतनाम और लेबनान के बीच खेला जाएगा।

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने की अस्थायी कार्यक्रम की घोषणा

# चैंपियंस ट्राफी : 1 मार्च को होगा भारत-पाक मैच

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्राफी के अस्थायी कार्यक्रम में अपनी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ मैच अगले साल एक मार्च को रखा है, हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक इस पर सहमति नहीं दी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद बोर्ड के एक सीनियर सदस्य ने बुधवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च तक खेला जायेगा जिसमें 10 मार्च 'रिजर्व डे' होगा।



पता चला है कि पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 15 मैच का कार्यक्रम सौंप दिया है जिसमें भारत के मैच सुरक्षा और 'लाजिस्टिकल' कारणों से लाहौर में ही रखे गए हैं। नकवी को टी20 विश्व कप फाइनल देखने के लिए बारबाडोस में आमंत्रित किया गया था। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने कहा, 'पीसीबी ने आईसीसी चैम्पियंस ट्राफी के 15 मैच के कार्यक्रम का मसौदा सौंप दिया है जिसमें सात मैच लाहौर में, तीन मैच कराची में और पांच मैच रावलपिंडी में रखे गये हैं।' सूत्र ने कहा, 'पहला मैच कराची में रखा गया है जबकि दो सेमीफाइनल कराची और रावलपिंडी में जबकि फाइनल लाहौर में कराया जाएगा। भारत के सभी मैच (टीम के क्वालीफाई करने के स्थिति में सेमीफाइनल सहित) लाहौर में रखे गए हैं।' भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं।

### भारत को छोड़कर सभी देशों का समर्थन

हाल में आईसीसी के टूर्नामेंट प्रमुख क्रिस टेटले ने पीसीबी चेयरमैन नकवी से इस्लामाबाद में मुलाकात की थी। इससे पहले विश्व संस्था की सुरक्षा टीम ने स्थल और अन्य इंतजामों का मुआयना किया था। पिछली बार पाकिस्तान ने 2023 में 'हाइब्रिड मॉडल' के हिसाब से एशिया कप की मेजबानी की थी जिसमें भारत ने अपने मैच श्रीलंका में खेले थे क्योंकि सरकार ने खिलाड़ियों को सीमा के बाहर यात्रा करने की अनुमति नहीं दी थी। सूत्र ने कहा, 'आईसीसी चैंपियंस ट्राफी के प्रतिभागी देशों के सभी बोर्ड प्रमुखों ने पूरा समर्थन दिया है लेकिन बीसीसीआई सरकार से सलाह मश्विरा करके आईसीसी को अपडेट करेगा।'




# वैज्ञानिकों ने खोजा पृथ्वी का 'नया चंद्रमा', साथ लगा रहा सूर्य का चक्कर, जानिए इसके बारे में...

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिलिस

ब्रह्मांड रहस्यों से भरा पड़ा है। इन रहस्यों का पता लगा रहे वैज्ञानिक समय-समय पर चौंकाने वाला खुलासा करते हैं। अब इस बीच वैज्ञानिकों ने एक क्षुद्रग्रह की खोज की है। यह सूर्य की परिक्रमा करता है और अपनी सालाना परिक्रमा में पृथ्वी के साथ-साथ चल रहा है। वैज्ञानिकों ने इस एस्टेरॉयड को 2023 एफ डब्ल्यू13 नाम दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह एस्टेरॉयड अर्द्ध-चंद्रमा या अर्द्ध-उपग्रह है, क्योंकि यह पृथ्वी के समान समय सीमा में सूर्य की परिक्रमा कर रहा है। हालांकि, इस एस्टेरॉयड पर धरती की गुरुवाकर्षण का भी खिंचाव पड़ा है। यह एस्टेरॉयड 50 फीट यानी 15 मीटर का है, जो पृथ्वी से करीब 1.4 करोड़ किलोमीटर दूर स्थित है।

वैज्ञानिकों ने इस एस्टेरॉयड को 28 मार्च 2023 को पैन-स्टार्स सर्वे दूरबीन की मदद से खोजा था। उन्होंने इस दूरबीन को हवाई द्वीप पर एक निष्क्रिय ज्वालामुखी के ऊपर रखा था। कनाडा-फ्रांस-हवाई दूरबीन अलावा एरिजोना में दो ऑब्जर्वेटरी ने भी क्षुद्रग्रह की पुष्टि की है। अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ में माइनर प्लैनेट सेंटर ने क्षुद्रग्रह को आधिकारिक तौर पर 1 अप्रैल को सूचीबद्ध किया था। यही संगठन हमारे सौर मंडल में नए चंद्रमा, ग्रहों के साथ-साथ अन्य खगोलीय वस्तुओं को नामित करती है।

### ऐसे एस्टेरॉयड को किया गया नामित

खगोलशास्त्री एड्रियन कॉफिनेट ने एस्टेरॉयट के मार्ग की मैपिंग की। इसके लिए उन्होंने एक कक्षा सिम्युलेटर का इस्तेमाल किया। शौकिया खगोलशास्त्री टोनी डन ने इस कक्षा सिम्युलेटर को विकसित किया था। मॉडल में एस्टेरॉयड 2023 एफ डब्ल्यू 13 सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के बराबर ही घूमता दिखाई दिया। पृथ्वी के चारों तरफ एस्टेरॉयड चक्कर लगा रहा था। इसलिए, कॉफिनेट ने इसे अर्द्ध-चंद्रमा के रूप में वर्गीकृत किया है। वैज्ञानिकों का कहना है तकि एस्टेरॉयड कम से कम 100 ईसा पूर्व से पृथ्वी के साथ चक्कर लगाता हुआ प्रतीत हो रहा है।



### पृथ्वी से टकराने की संभावना नहीं

वैज्ञानिकों ने संभावना जताई है कि एस्टेरॉयड के सूर्य के चारों ओर और अपनी कक्षा में पृथ्वी के चारो ओर करीब साल 3700 अनुसरण कर सकता है। कॉफिनेट का कहना है कि यह पृथ्वी का अब तक ज्ञात सबसे लंबा अर्द्ध उपग्रह लगता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि क्षुद्रग्रह भले ही पृथ्वी की अपेक्षाकृत करीब घूम रहा है, लेकिन इसके पृथ्वी से टकराने की संभावना नहीं है।

## नासा की इस फोटो को देख दुनिया हुई हैरान

# समंदर पार की इस दुनिया को देखकर फटी रह जाएंगी आंखें

*न्यूयार्क। दुनिया रहस्यों से भरी हुई है। वैज्ञानिक अक्सर नई-नई खोज करते हैं। इनमें कई बेहद हैरान करने वाली होती हैं। अब इस बीच अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने हाल ही में कुछ तस्वीरें जारी की हैं। यह एक ऐसा द्वीप है, जिसने दुनिया का ध्यान एक बार फिर अपनी तरफ खींचा है। यह द्वीप दुनिया का हिस्सा तो हैं, लेकिन इसकी अपनी एक अलग दुनिया है। इस द्वीप का नाम ट्रिस्टन दा कुन्हा है। दरअसल, यह एक द्वीप समूह है और दुनिया का सबसे दूरस्थ आइसलैंड है। समंदर में फैले विशाल शैवाल के जंगल से ट्रिस्टन दा कुन्हा द्वीप चारों तरफ से घिरा हुआ है। दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं जहां पर तापमान 50 डिग्री सेल्सियस से अधिक होता है। इन इलाकों में जीवन गुजारना बेहद मुश्किल होता है। लेकिन, चुनौतियों के बाद भी मानव की इच्छाशक्ति और जिजीविषा उसे इन हालात का मुकाबला करने लायक बनाकर रखती है।*

### द्वीप की आबादी में गिरावट

दुनिया के सभी इलाके विपरीत मौसमी परिस्थितियों को झेलते हैं, लेकिन इनमें एक समानता दिखाई देती है। इन इलाकों में आबादी बेहद कम है। डेनमार्क की आबादी 60 लाख से भी कम है। ग्रीनलैंड एक बड़ा देश है, लेकिन आबादी सिर्फ 56 हजार है। इसके अलावा अलास्का में करीब साढ़े सात लाख रहते हैं और साइबेरिया में साढ़े तीन करोड़ लोग रहते हैं। एकाकी द्वीप ट्रिस्टन दा कुन्हा की आबादी सिर्फ 234 रह गई है। यहां के सभी निवासी ब्रिटिश ओवरसीज टेरिटरीज के नागरिक हैं।



### द्वीप को इसने खोजा

रिपोर्ट के मुताबिक, सन 1506 में पुर्तगाली अन्वेषक ट्रिस्टाओ दा कुन्हा ने ट्रिस्टान द्वीपों को सबसे पहले देखा था, लेकिन वह समुद्र की खराब स्थितियों की वजह से द्वीप पर नहीं पहुंच पाए। लेकिन उन्होंने प्रमुख द्वीप का नामकरण अपने नाम पर इल्हा डी ट्रिस्टाओ दा कुन्हा किया। बाद में इसका नाम ट्रिस्टन दा कुन्हा कर दिया गया। 19वीं शताब्दी के शुरुआती समय में ब्रिटेन के सैनिक और आम नागरिक इस द्वीप पर पहुंचे थे और वह यहीं बस गए।

### ऐसे करते हैं जीवन यापन

ट्रिस्टन दा कुन्हा द्वीप पर के निवासी अपना जीवन यापन मछली के व्यवसाय से करते हैं। इसके अलावा इस द्वीप पर टूरिस्ट भी आते हैं। इससे यहां के लोगों को आय होती है। इस द्वीप समूह का अपना संविधान भी है। यह दुनिया से कई तरह से अलग है। यहां का पारिस्थितिक तंत्र समुद्र पर आश्रित है।

### द्वीप पर पहुंचने के लिए नहीं है हवाई संपर्क




ट्रिस्टन दा कुन्हा के सबसे समीप त्रिनिदाद और टोबैगो के द्वीप सेंट हेलेना इससे 2437 किलोमीटर हैं। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह कितना अकेला है। दक्षिण अफ्रीका का केप टाउन से इसकी दूरी 2787 किलोमीटर है। इस द्वीप पर पहुंचने के लिए कोई हवाई संपर्क नहीं है। सिर्फ नाव के जरिए यहां पहुंचा जा सकता है। दक्षिण अफ्रीका से ट्रिस्टन दा कुन्हा द्वीप पर पहुंचने में छह दिन लगते हैं। यह एक दक्षिण अटलांटिक महासागर में ज्वालामुखी द्वीपों का समूह है। यह करीब 98 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इस द्वीप समूह में शामिल गॉफ द्वीप पर एक मौसम केंद्र है।

# करोड़ों की है मालकिन, है आलीशान घर, फिर भी रहती है पिद्दी सी वैन में

एजेंसी ▶▶| लंदन

चाहे आप देश में रहते हों या विदेश में, अगर बड़े शहर में हैं तो घर खरीदना बेहद महंगा है। ऐसे में लोग अब किराये पर रहने को ही विकल्प मान रहे हैं। हालांकि, अब तो किराया भी इतना ज्यादा हो चुका है कि लोगों को लगता है, इससे भी अच्छा रास्ता ढूंढा जाए. भारत में तो अभी नहीं, लेकिन विदेशों में अब इसीलिए वैन कल्चर ज़ोर पकड़ रहा है। वैसे अगर सिर्फ किराया बचाने को वैन कल्चर से जोड़ा जाए तो भी ठीक नहीं होगा। क्योंकि, कुछ लोग दौलतमंद होने के बाद भी छोटी सी जगह पर रहना पसंद करते हैं। लोग खुशी और संतुष्टि के लिए पैसे को सबसे ज्यादा तरज़ीह देते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि एक करोड़पति महिला दौलत होने के बाद भी एक छोटी सी वैन में ज़िंदगी गुजार रही है।

### वजह सुनकर चौंक जाएंगे आप!



### वैन में रहती है महिला

वायरल हो रहे एक वीडियो में एक महिला बता रही है कि वो पिछले दिनों अपने पति से तलाक ले चुकी है। वो काफी दौलतमंद है, क्योंकि उसने अपनी जिंदगी में खूब मेहनत की और कुल 5 मिलियन डॉलर यानी 43 करोड़ से भी ज्यादा की संपत्ति बना चुकी है। उसके पास अच्छा बंगला भी था, बावजूद उसके वो एक छोटी सी 84 स्क्वेयरफीट की वैन में रहती है। उसने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि उसके लिए मानसिक स्वास्थ्य और खुश रहना ज्यादा ज़रूरी था।

### लोगों ने दी अलग-अलग प्रतिक्रिया

वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया है। सिर्फ तीन दिनों में इसे बहुत से लोग देख चुके हैं और इस पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। बहुत से यूज़र्स को उसकी बात सही नहीं लगी तो कुछ ने उसकी तारीफ भी की है। हालांकि, महिला का दावा है कि वो हेल्थ सेक्टर में इतने दिनों तक काम करने के बाद ये जान पाई है कि मानसिक बीमारियां बनाई जाती हैं, होती नहीं हैं।

# चीन में खाए जाते हैं ऐसे गोलगप्पे, आलू चना नहीं, भरते हैं ऐसी खौफनाक चीज

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन के लोग अपने अजीबोगरीब खान-पान की वजह से अक्सर चर्चा में रहते हैं। हम जिस जीव को देखकर डर जाते हैं, वहां के लोग उसी का सूप पीते हैं। हम जिस जानवर को घर में पालते हैं, वे उसी का मीट खा जाते हैं। कुत्ते, बिल्ली से लेकर मगरमच्छ के अलावा सांप और बिच्छू को भी यहां के लोग खाने से नहीं हिचकते हैं। लेकिन सोचिए, आपके गोलगप्पे के साथ कोई ऐसा छेड़छाड़ करे तो कैसा लगेगा? निश्चित रुप से खराब लगेगा। लेकिन सोशल मीडिया पर चीन की एक महिला का गोलगप्पा खाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है।



लेकिन गोलगप्पे में न तो आलू है और ना ही चना डला हुआ, बल्कि उसमें डालने के लिए टमाटर के चारों ओर लपेटकर एक बड़ी सी बाम मछली रखी हुई है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में नजर आ रही महिला का नाम मेग कोह है, जिन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस वीडियो को शेयर किया है।

### वीडियो वायरल

वायरल हो रहे इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि चीन की रहने वाली एक महिला अपने हाथों में एक प्लेट पकड़े हुई है, जिसमें 2 गोलगप्पे रखे हुए हैं। गोलगप्पों के बगल में एक छोटा सा टमाटर है और उसके चारों ओर एक बाम मछली को लपेटा गया है। महिला को शायद उस मछली को गोलगप्पे में भरना था, लेकिन वो उसे उठाकर कच्चा चबाने लगती है। इस दौरान उसका एक्सप्रेशन देखने लायक है। ये चीनी महिला चबा-चबाकर बाम को खाने की कोशिश कर रही है, लेकिन वो टूट नहीं रही है। लेकिन उस महिला की कोशिश जारी रहती है। इस दौरान प्लेट में गोलगप्पे को भी देखा जा सकता है।

# ट्रेन में कितने घंटे सो सकते हैं?

## ज्यादातर यात्रियों को नहीं होती जानकारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ट्रेन में यात्रा तो हम सभी करते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को ये पता ही नहीं होता है कि अंदर बैठने और सोने के भी कुछ नियम होते हैं। ज्यादातर यात्रियों को आपने बर्थ गिराने और उठाने को लेकर लड़ते हुए भी देखा होगा, तो क्या इसके लिए भी कुछ नियम हैं?

अगर आप अक्सर लंबी दूरी की ट्रेन से यात्रा करते हैं तो आपको कुछ नियम-कानूनों के बारे में जानकारी होनी चाहिए, जो लोगों को अक्सर नहीं होती है। क्या आपको ट्रेनों में यात्रियों के सोने के समय के बारे में पता है? ज्यादातर लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं होती। पहले ट्रेन में यात्रियों को 9 घंटे सोने की सुविधा दी जाती थी। रात 9 बजे से पहले मिडिल बर्थ को उठाया नहीं जा सकता था, ताकि निचली सीट पर बैठे यात्री को परेशानी न हो। हालांकि ये समय भी यात्रा के हिसाब से ज़रा जल्दी ही था। नए नियमों के मुताबिक अब आप रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक सो सकते हैं। पहले यह समय रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक था।









## स्वर्ग में ज़मीन बेच रहा है पादरी, वो भी इतनी सस्ती, खरीदने वालों की लग गई लाइन!




# 'मैं भगवान से मिला था ...'

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

आपने अपनी ज़िंदगी में कई बार स्वर्ग और नर्क को लेकर बहुत सी बातें सुनी होंगी। नर्क में जहां बुरी से बुरी चीजों की कल्पना की जाती है, वहीं स्वर्ग को खूबसूरत और सुकून भरा बताया जाता है। हालांकि, अब तक किसी ने ये नहीं बताया होगा कि स्वर्ग में भी प्लॉटिंग होती है, ज़मीनें बिकती हैं और घर बनते हैं! आजकल ऐसा ही एक मामला सुर्खियों में है, जिसने लोगों के होश उड़ा दिए हैं।

आप किसी सुंदर सी जगह को देखकर कह उठते हैं कि ये तो 'स्वर्ग' है। सोचिए अगर आपको स्वर्ग में ही रहने का मौका दिया जाए तो? अरे, हम ऐसा नहीं कह रहे, मेक्सिको के एक पादरी ने लोगों को ये ऑफर दिया है। 'इग्लेसिया डेल फाइनल डे लॉस टिमपोस' या फिर 'चर्च ऑफ द एंड ऑफ टाइम्स' के पादरी ने ये दावा किया है कि वो लोगों के स्वर्ग में रहने की बुकिंग पहले ही कर सकता है।

### 'भगवान से मिलकर आया हूं मैं'



मेक्सिको के 'चर्च ऑफ द एंड ऑफ टाइम्स' का दावा है कि इस पादरी की साल 2017 में भगवान से एक प्राइवेट मीटिंग हुई थी और उन्हें ये अनुमति दी गई कि स्वर्ग की ज़मीनों की बिक्री और खरीद की जा सकती है। स्थानीय रिपोर्ट्स की मानें तो भगवान के महल के पास ही मौजूद जगहों पर लोगों को ज़मीन दिलवाने का वादा किया जा रहा है और उसका भुगतान अलग-अलग पेमेंट मोड से लिया जा रहा है।

### 'स्वर्ग में ज़मीन बिक रही है, ले लो '

स्वर्ग में ज़मीन खरीदने के लिए लोगों को जो रेट बताया गया है, वो महज 100 डॉलर प्रति वर्ग मीटर यानी 8000 रुपए/वर्ग मीटर है। इसके लिए पेमेंट गूगल पे, वीज़ा, मास्टरकार्ड जैसे फ्लेक्सिबल पेमेंट प्लान के तहत लिया जा रहा है। वीडियो में ये भी बताया गया है कि चर्च इस प्लान से लाखों डॉलर कमा चुका है। ट्विटर पर इस वीडियो को शेयर किया गया है, जो एक व्यंग्य की तरह बनाया गया है। इसे एक हंसी-मज़ाक वाले पोस्ट शेयर करने वाले फेसबुक पेज से साझा किया गया है। इस पर लोगों ने मज़ेदार कमेंट किया है। किसी ने कहा कि ये सदी का सबसे बड़ा मज़ाक है, तो एक अन्य यूज़र ने पूछा- मुझे कौन 100 डॉलर उधार देगा?

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com